राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष : 49 अंक 13
जौनपुर, मंगलवार
20 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
32°C | 19°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया
M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट)
नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया
B.H.M.S., C.G.O.
नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान
गहना कोठी™
भगेलू राम रामजी सेठ
Since 1946
शुद्धता ही हमारी परम्परा है
भारत सरकार द्वारा प्रमाणित
HUID BIS
Hallmark Gold & IGI Certified
Diamond Jewellery Showroom
1st Prize
मारुति सुज़ुकी डिज़ायर
2nd Prize
मारुति बलेनो
3rd Prize
मारुति वैगन आर
प्रत्येक 10000/- तक की खरीद पर पाएं लकी ड्रा कूपन और ढेरों ईनाम जीतने का मौका
कचहरी रोड, कलेक्ट्री तिराहा के पास, आधुनिक मिष्ठान के सामने जौनपुर, यूपी
9838545608, 7355037762, 8317077790
सद्भावना पुल रोड, नखास, ओलन्दगंज, जौनपुर
9838545608, 7355037762, 8317077790
हनुमान मंदिर के सामने कोतवाली चौराहा, जौनपुर
9984991000, 9792991000, 9984361313

शान्तिकुंज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड डायग्नोस्टिक सेन्टर
Dr. Suryaprakash Yadav
MBBS, MD (Gen. Medicine) (Gold Medalist)
D.N.B., D.M. (Cardiology) (Gold Medalist)
Ex.- SR Dr. RML Hospital, New Delhi
Consultant Interventional Cardiologist
(Heart Care Center)
USG, DIGITAL X-RAY, PREGNANCY USG, USG GUIDED INTERVENTION
COLOUR DOPPLER, 2D ECHO & ECG , DIALYSIS, ICU CARE UNIT
CRITICAL CARE UNIT (CCU), CATHLAB FACILITY , TMT, ECG,
X-RAY DEPARTMENT, EMERGENCY CARE UNIT, PATHOLOGY,
Major OT, Minor OT, SeptiC OT, Ambulance 24x7 Facility
Dr. Vandana Yadav
MBBS, MD Radiodiagnosis & Imaging (BHU), DNB
Fetal Medicine Fellowship, Chandigardh(FMF ID-311809)
Whole Body MR Imaging Fellowship (BHU)
Ex-SR AIIMS, New Delhi
Ex-SR VMMC & Safdurjung Hospital, New Delhi
अब Jaunpur में मिलेंगी Advanced Radiology Services एक ही जगह - सटीक जांच, सही निदान के साथ। Shantikunj Multispeciality Hospital & Diagnostic Centre में Dr. Vandana Yadav (Expert Radiologist) द्वारा X-ray, Ultrasound और अन्य आधुनिक रेडियोलॉजी जांच सुविधाएं उपलब्ध।
अनुभवी टीम, accurate reports और भरोसेमंद सेवा- आपकी सेहत हमारी प्राथमिकता।
प्रयागराज रोड, नईगंज, जौनपुर मो0 9219812393

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग करने वाले तीनों शूटर राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार

मुंबई, 19 अक्टूबर। टाइगर श्रॉफ पर गोली चलाने वाले 3 शूटरों को राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है। इनमें से दो लोगों के रविवार को अभिनेता पर गोली चलाने वालों में शामिल होने की आशंका है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, कोटा पुलिस ने अभिनेता टाइगर श्रॉफ से जुड़ी गोलीबारी की घटना के सिलसिले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इन तीनों से पूछताछ की जा रही है, और बताया जा रहा है कि इनमें से दो वे लोग हैं जिन्होंने रविवार को अभिनेता पर गोली चलाई थी।

शुरुआती खुफिया जानकारी से पता चला है कि वह पुलिस से बचने की कोशिश में ट्रेन से मुंबई से भाग गए थे। तीनों महाराष्ट्र की सीमा पार करके पड़ोसी राज्य गुजरात में दाखिल हो गए थे। शूटरों को राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से यात्रा करते समय पकड़ लिया गया है।

आरोपियों में 1 नाबालिग: टाइगर श्रॉफ फायरिंग मामले में पकड़े गए आरोपियों में एक नाबालिग है, जबकि दूसरा 22 वर्षीय ऋतिक कुमार उर्फ रोशन- पिपराई, जिला- बेगूसराय, बिहार का मूल निवासी है। वह वर्तमान

एक बिहार और दो हरियाणा के रहने वाले

में मुंबई के अंधेरी वेस्ट में उर्दू स्कूल के पास गिल बर्ली में रहता है और रैपिडो राइडर के तौर पर काम करता है। वहीं, तीसरा आरोपी रेहान ईदगाह कॉलोनी, थाना सदर, जिला- सोनीपत, हरियाणा का रहना वाला है।

हमले से पहले की थी रेकी: जांच एजेंसियों को संदेह है कि यह हमला पेशेवर और प्रशिक्षित शूटर्स द्वारा किया गया था। हमलावरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले अभिनेता टाइगर श्रॉफ की गतिविधियों की बाकायदा रेकी (रेकी/निगरानी) की थी। आरोपियों को



पता था कि टाइगर श्रॉफ हर रविवार को जुहू फुटबॉल ग्राउंड आते हैं। उन्होंने अभिनेता की गतिविधियों पर नजर रखी ताकि ठीक उस समय हमला किया जा सके, जब वह अपनी कार में बैठकर वहां से निकल रहे थे। गोलीबारी के बाद, शूटरों ने पहले से तय किए गए रास्ते से भागने की कोशिश की, जो एसवी रोड से होते हुए विले पार्ले और अंधेरी की ओर जाता है। उन्होंने अंधेरी वेस्ट रेलवे स्टेशन के पास अपनी मोटरसाइकिल छोड़ दी और बोरीवली की ओर जाने वाली एक ट्रेन में सवार हो गए।

पुणे-जयपुर एक्सप्रेस में कर रहे थे सफर: राजस्थान एजीटीएफ और कोटा सिटी पुलिस की संयुक्त टीम ने मुंबई पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर तीनों शूटरों को दबोचा। जानकारी के मुताबिक, तीनों आरोपी पुणे-जयपुर एक्सप्रेस में सफर कर रहे थे। पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

शिंदे ने की टाइगर श्रॉफ से मुलाकात: महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे रविवार रात अभिनेता टाइगर श्रॉफ के घर पहुंचे, ताकि स्थिति का जायजा ले सकें और परिवार को सरकार की ओर से पूरा सहयोग देने का भरोसा दिला सकें।

उन्होंने कहा, 'टाइगर के बाएं हाथ में गनपाउडर और कांच के टुकड़ों से चोटें आई हैं, अभिनेता और उनकी मां, आयशा श्रॉफ, दोनों ही इस घटना से बुरी तरह सदमे में हैं। इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और सार्वजनिक हस्तियों को दी जाने वाली धमकियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'

अखिलेश यादव 26 नवंबर को जारी करेंगे पार्टी का घोषणापत्र

संविधान दिवस के मौके पर पार्टी कार्यालय पर बड़े आयोजन की तैयारी में सपा

लखनऊ, 19 अक्टूबर। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर पार्टी का मेनिफेस्टो जारी करेंगे। इसे 'सत्ताइस का संकल्प : पीडीए का प्रणपत्र' नाम दिया गया है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। पार्टी इस मौके पर लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय में बड़े आयोजन की तैयारी कर रही है। अखिलेश यादव ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि सत्ताइस का संकल्प : पीडीए का प्रणपत्र। संविधान दिवस 26 नवंबर के लोकतांत्रिक पावन अवसर पर हम जारी करेंगे जन-मन का मैनीफेस्टो।

समाजवादी पार्टी ने मेनिफेस्टो जारी करने के लिए संविधान दिवस का चयन किया है। पार्टी की राजनीति में पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग प्रमुख केंद्र में है। ऐसे में पीडीए का प्रणपत्र नाम के जरिए सपा इन वर्गों से जुड़े मुद्दों को अपने चुनावी एजेंडे में प्रमुखता से देगी।

संविधान दिवस के मौके पर मेनिफेस्टो जारी करने से पार्टी को सामाजिक न्याय, समान अवसर, लोकतांत्रिक अधिकार और संविधान में दिए गए मूल्यों जैसे मुद्दों को राजनीतिक चर्चा के केंद्र में लाने का मौका मिलेगा। हालांकि, प्रणपत्र में किन-किन मुद्दों को



शामिल किया जाएगा और जनता से कौन से वादे किए जाएंगे, इसका खुलासा 26 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में होगा, लेकिन मोटे तौर पर पुरानी पेंशन स्कीम, कन्याविद्या धन योजना, लैपटाप वितरण योजना, महिलाओं के खातों में 40 हजार रुपये और बेरोजगारी भत्ते जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को मैनिफेस्टो में शामिल किया जा सकता है।

2027 के चुनाव के लिए एजेंडा तय करने की तैयारी: विधानसभा चुनाव में अभी समय है, लेकिन प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। समाजवादी पार्टी भी संगठन को मजबूत करने के साथ जनता के बीच अपनी नीतियों और भावी योजनाओं को पहुंचाने की रणनीति पर काम कर रही है। मेनिफेस्टो जारी करने की तारीख का ऐलान इसी तैयारी का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

सत्ताइस का संकल्प शीर्षक के जरिए सपा ने अपने राजनीतिक लक्ष्य को सीधे 2027 के चुनाव से जोड़ा है। वहीं, 'जन-मन का मैनीफेस्टो' नाम से यह संदेश देने की कोशिश है कि पार्टी का चुनावी दस्तावेज जनता की अपेक्षाओं और मुद्दों पर केंद्रित होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी अपने प्रणपत्र में रोजगार, शिक्षा, किसानों, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक सुरक्षा और पिछड़े वर्गों से जुड़े मुद्दों को किस तरह जगह देती है।

जुबिन नौटियाल के पिता रामशरण ने थामा कांग्रेस का हाथ

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। लोकप्रिय बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल के पिता और पूर्व भाजपा नेता रामशरण नौटियाल ने आज कांग्रेस पार्टी जॉइन कर ली है। उन्हें उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमार सैलजा ने नई दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी जॉइन कराई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और देहरादून चकराता से कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह भी मौजूद थे। नौटियाल ने कुछ दिन पहले भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। रामशरण नौटियाल ने तब आरोप लगाया था कि भाजपा में उन्हें सम्मान नहीं मिल रहा था। आरोप लगाया कि उन्हें कई बार सार्वजनिक तौर पर अपमान झेलना पड़ा।

कहा- भाजपा में अपमान हुआ



सोमवार को तय कार्यक्रम के मुताबिक, रामशरण नौटियाल ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। वो पिछले कुछ दिनों से भाजपा से नाराज चल रहे थे। पिछले महीने से उनकी भाजपा में नाराजगी सामने आई थी। रामशरण नौटियाल ने तब कहा था कि उन्होंने अपना इस्तीफा खुद सौंपने के बजाय अपने स्टेनोग्राफर के जरिए भिजवाया था।

12 साल भाजपा में रहे, छोड़ने की वजह बताई: भाजपा छोड़ने की वजह पूछे जाने पर नौटियाल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति उस जगह को आसानी से नहीं छोड़ता, जहां उसने 12 साल तक काम किया हो। उन्होंने कहा, 'व्यक्ति जहां भी काम करता है, वहां उसे सम्मान मिलना चाहिए। अगर सम्मान नहीं मिलता, तो वह दूरी बना लेता है।'

भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से तनातनी!: रामशरण नौटियाल ने कुछ दिन पहले कहा था कि उनके पार्टी छोड़ने की पूरी वजह प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से पूछी जानी चाहिए, लेकिन सामान्य शिष्टाचार यही है कि हर व्यक्ति के साथ व्यक्तिगत सम्मान से पेश आया जाए। उन्होंने कहा कि अगर कोई पार्टी केवल दो-तीन लोगों के इशारे पर चलती है, तो शिकायतें भी उन्हीं लोगों से होती हैं, जो नेतृत्व की भूमिका में हैं।

सार्वजनिक मंचों पर अपमान हुआ: नौटियाल ने कहा कि उन्हें सार्वजनिक मंचों पर अपमानित होना पड़ा। सवाल उठाया कि जब उन्होंने अपने लिए कुछ मांगा ही नहीं, तो फिर वह इस तरह का व्यवहार क्यों सहें। उन्होंने कहा, 'हमने अपने लिए सरकार से कभी कुछ नहीं मांगा। मैं अपने क्षेत्र के लिए मांगें उठाता रहा। कुछ पूरी हुईं और कुछ नहीं, लेकिन मेरे अपने ही लोग हर बात का विरोध करते हैं।'

परविंदर झोटा को इंसाफ दिलाने के लिए पूरे पंजाब में धरना-प्रदर्शन

मोहाली में भी विधायक कार्यालय के बाहर जुड़ी भीड़

मोहाली, 19 अक्टूबर। मानसा में पिछले दिनों परविंदर सिंह झोटा की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में इंसाफ की मांग तेज हो गई है। मृतक और उसके परिवार को न्याय दिलाने के लिए गठित एक्शन कमेटी के आह्वान पर सोमवार को पूरे पंजाब में धरने-प्रदर्शन हुए।

मोहाली में किसानों, राजनीतिक दलों के नेताओं और समाजसेवी संगठनों के सदस्यों ने विधायक कुलवंत सिंह के कार्यालय के सामने धरना देकर रोष जताया। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी तैनात रहे। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भी काफी संख्या में मौके पर पहुंचे। इस दौरान शिरोमणि अकाली दल के मोहाली प्रधान परविंदर सिंह सोहाना ने कहा कि परविंदर सिंह झोटा की जिस तरह से गोली मारकर हत्या की गई, उससे पंजाब की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

उन्होंने कहा कि झोटा और उसके परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों, किसान संगठनों और समाजसेवी संस्थाओं को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। किसान जथेबन्दी के किरपाल सिंह सीआऊ, परमदीप बैदवान, पार्षद परमजीत सिंह. हरविंदर सिंह. एसजीपीसी सदस्य परमजीत लांडरा सहित कई नेता पहुंचे हुए है।

एक्शन कमेटी की ओर से पंजाब के विधायकों के आवास और कार्यालयों के सामने रोष प्रदर्शन करने का ऐलान किया



गया था। इसी के तहत मोहाली में भी धरना दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने मामले में न्याय सुनिश्चित करने और पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने की मांग उठाई।

आवश्यकता है
पार्ट टाइम कम्प्यूटर ऑपरेटर (डीटीपी)। सायं 6 से रात्रि 9 बजे तक। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- तरुणमित्र (हिन्दी दैनिक), 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, निकट सरस्वती स्कूल, जौनपुर
मो0-9452984488

अवकाश
बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजय दशमी के अवसर पर तरुणमित्र कार्यालय में अवकाश रहेगा।
-प्रबन्धक

मॉडल श्रद्धा मामले में इंस्पेक्टर और डीसीपी के बाद एसीपी पर भी गिरी गाज, हटाए गए

लखनऊ, 19 अक्टूबर। मॉडल श्रद्धा दुबे मामले में लापरवाही बरतने वाले डीसीपी और इंस्पेक्टर के बाद सोमवार दोपहर को एसीपी रजनीश वर्मा को भी हटा दिया गया।



बता दें कि कैफे संचालक शिवा शर्मा हत्याकांड में फरार चल रही श्रद्धा, रश्मि और तनवीर उर्फ दानिश नेपाल से सोनौली बॉर्डर से निकलकर रविवार को लखनऊ हाई कोर्ट आए और फिर फरार हो गए, लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। सूत्रों से पता चला है कि श्रद्धा यहां थोड़ी देर के लिए रुकी। हाई कोर्ट परिसर में अधिवक्ता ने कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए। इसके बाद एक्सप्रेसवे से आगरा और वहां से सहारनपुर जा पहुंची। इस मामले में आठ दिन बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी न होने पर उच्चाधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए पहले इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह को लाइन हाजिर किया। इसके बाद डीसीपी डीसीपी मध्य विक्रांत वीर को हटाकर मुख्यालय से संबद्ध कर दिया। सोमवार को एसीपी पर भी गाज गिरी। एसीपी रजनीश वर्मा को भी हटा दिया गया। पुलिस ने रविवार को इनाम की राशि 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी है। कार्रवाई के बाद भी फिलहाल इंस्पेक्टर विक्रम सिंह आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम में शामिल हैं।

बुआजी हॉस्पिटल
निकट अहियापुर पावर हाउस
भण्डारी स्टेशन, जौनपुर



डा0 के.विजय
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (KGMU, Lucknow)
(स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
(लेप्रोस्कोपिक सर्जन)
मो0: 9250936298
समय: सुबह 10 बजे से 03 बजे तक एवं शाम 04 बजे से 07 बजे तक।
(प्रत्येक मंगलवार को नि:शुल्क ओ.पी.डी.)
आन कॉल:- डा0 बिपिन कुमार | (एम.बी.बी.एस., एम.एस.) (जनरल सर्जन, लेप्रोस्कोपिक सर्जन)


20 Year
750/916
Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड
एक्सक्लूसिव शोरूम
मानकः पथप्रदर्शकः
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स

RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध है।
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001

धधरौल डैम पर मूर्ति विसर्जन स्थल का एडीएम ने लिया जायजा

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वागीश कुमार शुक्ला एवं उप जिलाधिकारी सदर आशीष कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को धधरौल डैम पहुंचकर मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने विसर्जन स्थल पर की जा रही तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने को कहा।



अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मूर्ति विसर्जन स्थल के आसपास पर्याप्त बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मूर्ति विसर्जन से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं, जिससे विसर्जन कार्यक्रम सुरक्षित एवं सुचारु ढंग से संपन्न कराया जा सके।

दुर्गा पंडाल में दुर्गा अष्टमी पर माता रानी के दर्शन के लिए लगा रहा ताँता

तरूणमित्र न्यूज

म्योरपुर, सोनभद्र। शारदीय नवरात्र में गांव से लेकर गाँव से शहर तक मे चल रही दुर्गा पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति म्योरपुर के तत्वावधान में भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन हो रहा है अष्टमी के शाम को पंडालों में दर्शनों का क्रम और तेज हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों तक सजे भव्य पंडालों में मां के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। भक्त पंडालों में पहुंच कर हाजिरी लगा रहे हैं और माता से सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

पांडाल मे रखी गयी दुर्गा जी का भव्य प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहा एव लाइटिंग और डेकोरेशन लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। दिन के समय जहां महिलाओं और बच्चों की भीड़ अधिक देखी जा रही है,शाम को परिवार सहित लोग पंडालों का भ्रमण करने निकल रहे हैं। पूजा कर रहे हैं पंडित जी द्वारा मां का प्रवचन सुन भक्त भाव विभोर हुए एवं माता रानी का महा आरती में लोगों का हुजूम उमर पढ़ा समिति द्वारा व्रती महिला के लिए प्रसाद का ब्योस्था किया गया था

इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार, कोषाध्यक्ष ओम अग्रहरि, महामंत्री पंकज सिंह जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष सुजीत अग्रहरि, रमाशंकर गुप्ता सुनील कुमार, सतबीर सिंह, अभय कुमार,आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सोन अर्थ ब्रांड से वैश्विक पहचान पाएंगे सोनभद्र के उत्पाद, महिलाओं की बढ़ेगी आमदनी

11 स्थानीय उत्पादों से तैयार किया जाएगा लग्जरी गिफ्ट हैंपर

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को अब नई पहचान देने की तैयारी है। सोनभद्र के स्थानीय, पारंपरिक और प्राकृतिक उत्पादों की ब्रांडिंग 'सोन अर्थ' नाम से की जाएगी। इसके लिए जल्द ही ब्रांड का नया लोगो लॉन्च किया जाएगा। आकर्षक पैकेजिंग, मार्केटिंग और व्यापक प्रचार-प्रसार के जरिए इन उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने की योजना है। इससे उत्पादों की मांग बढ़ने के साथ ही ग्रामीण महिलाओं की आमदनी में भी इजाफा होगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमियों को नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि समूहों द्वारा तैयार विभिन्न उत्पादों को एक मंच पर लाकर उनकी ब्रांडिंग और आकर्षक पैकेजिंग की जाएगी। इसी क्रम में 'सोन अर्थ' लग्जरी गिफ्ट हैंपर भी जल्द लॉन्च किया जाएगा। इसमें महिलाओं द्वारा तैयार 11 उत्कृष्ट स्थानीय उत्पाद शामिल होंगे।

'श्रीअन्न से तैयार पारंपरिक ठेकुआ का चख सकेंगे स्वाद'

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि जनपद में प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक खेती की जाती है। जिसमें मुख्य रूप से ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो का भारी मात्रा में उत्पादन होता है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दो हजार से अधिक महिलाएं रागी, कोदो, ज्वार, बाजरा और मक्का की खेती से जुड़ी हैं। इसके अलावा 500 से अधिक महिलाएं श्रीअन्न से स्वादिष्ट ठेकुआ और कुकीज तैयार कर रही हैं। महिलाओं द्वारा श्रीअन्न से बनाए गए इन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए गिफ्ट हैंपर में रागी, कोदो, ज्वार और मिश्रित गेहूं से बने चार प्रकार के ठेकुआ शामिल किए जाएंगे। इससे महिलाओं द्वारा तैयार इन पारंपरिक उत्पादों को आधुनिक पैकेजिंग के जरिए नए ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा। नया बाजार मिलने से महिलाओं की आमदनी में भी इजाफा होगा।

'जंगली शहद और हर्बल उत्पाद भी होंगे शामिल'

स्थानीय संसाधनों पर आधारित उत्पादों में शहद की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। जनपद की एक हजार से अधिक महिलाएं शहद के उत्पादन और संग्रहण से जुड़ी हैं। 'सोन अर्थ' उपहार पैकेट में सोनभद्र के जंगलों में उपलब्ध वनस्पतियों से प्राकृतिक रूप से संग्रहित जंगली शहद और कृषि उपज से तैयार हर्बल शहद को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद के प्रसिद्ध मंदिरों में भक्तों द्वारा चढ़ाए गए फूलों से बनी शिवद्वार अगरबत्ती और विभिन्न प्राकृतिक घटकों से तैयार चार प्रकार के हर्बल साबुन भी पैकेट की शोभा बढ़ाएंगे।

'मंदिर के फूलों से बनी अगरबत्ती से महक उठेगा मन'

बताया कि जनपद में200 से अधिक महिलाएं सोनभद्र के प्रसिद्ध मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों का उपयोग कर सुगंधित अगरबत्ती तैयार कर रही हैं। महिलाओं द्वारा तैयार अगरबत्ती गिफ्ट हैंपर का हिस्सा होगी। इसकी सुगंन को मोह लेने वाली है। वहीं, बताया कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और भी कई तरह के उत्पाद तैयार कर रही हैं। इनमें बकरी के दूध, हर्बल सामग्री, कॉफी, हल्दी-चंदन, नीम, एलोवेरा और तुलसी जैसे घटकों से बने साबुन शामिल हैं। साबुन निर्माण के कार्य से एक हजार से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। महिलाओं द्वारा तैयार साबुन को भी गिफ्ट हैंपर में शामिल किया गया है।

'होर्डिंग और वीडियो प्रोमो से होगा प्रचार'

जिलाधिकारी के अनुसार, उत्पादों को बाजार में स्थापित करने के लिए ब्रांडिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग और प्रचार-प्रसार में सहयोग दिया जाएगा। नए लोगो के साथ उत्पादों की लॉन्चिंग की तैयारी है। इनके प्रचार के लिए होर्डिंग, हैंडबिल, पैम्फलेट और वीडियो प्रोमो का भी इस्तेमाल किया जाएगा। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य सोनभद्र के स्थानीय उत्पादों को विशिष्ट पहचान दिलाने के साथ स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। 'सोन अर्थ' ब्रांड के जरिए स्थानीय हुनर, पारंपरिक स्वाद और प्राकृतिक उत्पादों को व्यापक बाजार मिलेगा जिससे महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सकेगा।

लक्ष्मण पर मेघनाद का प्रहार, रणभूमि में छाया शोक

रूणमित्र न्यूज

रेणुकूट,सोनभद्र। हिंडाल्को रामलीला परिषद के तत्वावधान में रामलीला के आठवें दिन अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण मूर्छित लीला का सुंदर चित्रण हुआ। अंगद ने लंका का सारा हाल



आकर राम जी को सुनाया और आक्रमण की तैयारी के लिए कहा। लंका में कोहराम मच गया। रावण द्वारा परेशान होने पर पहले दिन युद्ध की कमान मेघनाथ को सौंपी गई। इधर भगवान राम ने लक्ष्मण की जिद पर संग्राम की कमान सौंपी। लक्ष्मण मेघनाथ में घोर युद्ध हुआ। लेकिन मेघनाथ ने ब्रह्मास्त्र शक्ति का प्रयोग कर लक्ष्मण पर वार कर दिया जिससे लक्ष्मण मूर्छित हो गए।

जिसे राम व्याकुल हो गए तथा पूरी वानर सेना में शोक की लहर दौड़ गई। तब हनुमान जी लंका से सुसेन वैध को लेकर रामादल पहुंचे। जहां उन्होंने बताया की द्रोणागिरी पर्वत पर संजीवनी बूटी अगर रात में ही आ जाए तब लक्ष्मण के प्राण बच सकते हैं। हनुमान जी रामा दल से संजीवनी बूटी लेने के लिए चल पड़े रास्ते में रावण द्वारा भेजे गए कालनेमि ने उनका रास्ता रोका लेकिन हनुमान जी ने उसका वध कर दिया। द्रोणागिरी पर्वत को संजीवनी बूटी सहित उठा लाये फिर सुसेन वैध ने लक्ष्मण के मुख में संजीवनी बूटी डाली। जिससे लक्ष्मण ठीक हो गए रामा दल में जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे।

हिंडाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 की प्रधानाध्यापिका श्रीमती दीपान्विता रॉय तथा आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज के उपप्रधानाचार्य श्री विजय भगवत पाटिल ने अपनी पत्नी सहित वैदिक विधि-विधान से भगवान गणेश का पूजन कर रामलीला मंचन का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर रामलीला परिषद के अध्यक्ष पी.के. उपाध्याय, सचिव आदित्य प्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्रा एवं निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित रहे।

'भक्ति, भजन और रामायण मंचन से गूंजा रिहंदेश्वर धाम,भव्य भण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद'

तरूणमित्र न्यूज

बीजपुर, सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंदनगर परिसर स्थित प्रसिद्ध रिहंदेश्वर महादेव मंदिर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के दौरान भजन संध्या, शंखनाद एवं नृत्य प्रतियोगिता, रामायण मंचन, हवन और कन्या पूजन सहित विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समापन अवसर पर विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया। 17 अक्टूबर को लखनऊ से आए अग्निहोत्री बंधुओं की भजन प्रस्तुतियों ने मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान आयोजित शंखनाद प्रतियोगिता में अपर महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार यादव ने प्रथम तथा मानव संसाधन विभाग के अमित केसरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि एवं परियोजना प्रमुख, कार्यकारी निदेशक संजय असाटी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

18 अक्टूबर को आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। मुख्य अतिथि संजय असाटी एवं महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही धार्मिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन



करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। महोत्सव का विशेष आकर्षण लखनऊ से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रामायण मंचन रहा। कलाकारों ने नारद, रावण और भगवान श्रीराम के चरित्रों का प्रभावशाली अभिनय कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। नवमी के पावन अवसर पर विधि-विधान से हवन एवं कन्या पूजन किया गया। इसके साथ ही सनातन धर्म ध्वजा की स्थापना की गई। तत्पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान परियोजना प्रमुख संजय असाटी एवं महाप्रबंधक हेमेश वार्ष्णेय स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते नजर आए।

कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी, कीर्ति वार्ष्णेय, पूजा समिति के अध्यक्ष एन.एस. कोरंगा, महासचिव विजेंद्र कुमार मीना, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख राजेश बोईपाई, मंदिर समिति के अध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष आर.एन. वर्मा, बीएमएस के महामंत्री एस.एन. पाठक, मंदिर समिति के महासचिव प्रमोद द्विवेदी, उदय उपाध्याय, विजय गुप्ता, अनिल त्रिपाठी, सूरज प्रजापति तथा ईवा के महासचिव आशुतोष कुमार सिंह सहित एनटीपीसी के अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी अनन्त मोहन सिंह ने बताया कि नवरात्रि महोत्सव को सफल बनाने में मंदिर एवं पूजा समिति के सदस्यों तथा सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

रहें मिलजुल के सभीं आदमी बनकरः प्रद्युम्न त्रिपाठी

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। माँ मंगला गौरी दुर्गा पूजन समिति मद्धुपुर के तत्वावधान में जनकल्याण हेतु रविवार रात विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सैकड़ो श्रोताओं की उपस्थिति व पहली बार हो रहे कवि सम्मेलन को सुनने का उत्साह उल्लेखनीय रहा। संयोजन नव प्रवाह साहित्यिक मंच सोनभद्र ने किया। वाणी वंदना करती हुई कवयित्री दिव्या राय शिक्षक ने, अर्चना करती हूँ प्यार दे माँ शारदे से विधिवत् सारस्वत यज्ञ का आगाज हुआ। अध्यक्षता करते हुए शहीद स्थल करारी प्रमुख प्रदुम्न त्रिपाठी ने, बंदूक तोप खंजर की बात मत करिये खूनी मंजर की बात मत करिये रहें मिलजुल के सभी आदमी बनकर बहार खिलती रहे बंजर की बात मत करिये सुनाकर सत्ता व आदमी को सोचने पर विबस कर झकझोरा नसीहत दिये।

सफल संचालन करते हुये वाराणसी से आये नाथ सोनांचली ने, हम अपने हाथ में जब भी कलम उठाते हैं, तो हाकिमों के कलेजे भी कांप जाते हैं सुनाकर वाहवाही लूटी। दिव्या राय ने नारी सशक्तिकरण पर, मत रोक सांवरिया घूंघट में मुझे नील गगन तक जाने दे, चंदौली से आये बंधू पाल बंधू ने, हास्य व्यंग्य की रचना, का बतलाईं हे भैया घरवां वाली परधान हो गईल सुनाकर देर तक हंसाते रहे। गोपाल कुशवाहा शिक्षक अध्यक्ष नव प्रवाह साहित्यिक मंच सोनभद्र ने, आग पानी में लगाते हैं लगाने वाले, चौन से यार रहेंगे न जमाने वाले सुनाकर संवेदना मुखरित किये सराहे गये। मिरजापुर से आये हास्य



व्यंग्य कवि नर सिंह साहसी ने फिल्मी पैरोडी व समसामयिक कटाक्ष से शमां बांधा उनकी रचना, ज्ञान गंगा में गोता लगाव करा, आग सगी लगल बा बुझावल करा को खूब तालियां मिली। दिवाकर दिवेदी मेघ ने, शान शोहरत दंभ और पाखंड के कचरे तले, आदमी भी है कहें तो बेईमानी हो गयी सुनाकर इंसानियत की वकालत किये और महफिल में चार चांद लगाये।

वाराणसी से आये प्रवक्ता डा, छोटेलाल मनमीत ने, बुझते हुये चराग की तुम रौशनी बनो सुनाकर, आम आदमी की पीर रुदन संत्रास को स्वर देकर महफिल लूट लिया। शाइर अशोक तिवारी ने, न तेरा है न मेरा है ए हिंदुस्तान सबका है, नहीं समझी गई ए बात तो नुकसान सबका है सुनाकर कौमी एकता का परचम लहराये। शिक्षक राधेश्याम पाल श्याम ने, सामाजिक विसंगति पर ऊँगली रखते हुए, लगा के कुंभ में डुबकी भला हो जायेगा क्या, पड़ा जो पाप का धब्बा सफा हो जायेगा क्या सुनाकर लोगों को कविता की सार्थकता व तथ्य को बिंबित कर चिंतन दिये सुने गये। प्रमोद कुमार निर्मल ने वीर रस की रचना, वतन खातिर हथेली पर मै अपनी जान रखता हूँ सुनाकर देर तक जय हिंद वंदेमातरम का उद्घोष कराते रहे। आयोजन भोर तक चला सभीं वर्ण व वर्ग संप्रदाय के सैकड़ों लोग पूरी रात हौसला आफजाई करते रहे।

इस अवसर पर मां मंगला गौरी समिति के सदस्य, भगवान दास यादव, रवि सेठ, राजू चौरसिया, राजेश, सतीश जायसवाल, विकास, मृत्युंजय, अनिल चौरसिया, फारुक अली ने कवियों का उत्साह वर्धन किया। तथा जिला पंचायत सदस्य चुर्क मोहन कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य मधुपुर उषा देवी, अजीत कुमार, मनोज कुशवाहा, ग्राम प्रधान मझुई व मधुपुर, नवीन मौर्य, प्रवीण, कृधा केयर के डायरेक्टर डा0 विशेश्वर चौहान, दिनेश, अरविंद प्रदीप, सुरेश, प्रीतम कमलेश आदि पूरी रात जमे रहे।

कम उम्र में अपराध का चश्का, पुलिस ने कर दिया लंगड़ा

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिले में पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में देहात कोतवाली पुलिस ने शातिर स्नैचर घायल कर गिरफ्तार कर लिया है, जिसके पास से छीनी गयी मंगलसूत्र (पीली धातु) व तमंचा व जिन्दा कारतूस व 1 खोखा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम सोमवार, 19 अक्टूबर 2026 को तड़के पुलिस खडंजा फाल के रास्ते पर चेकिंग कर रही थी कि इसी दरमियान बाइक सवार नवयुवक को रोकने का प्रयास किया गया तो नवयुवक बिना रुके तेज गति से खडंजा फाल की तरफ भागने लगा, जिसकी घेरा बन्दी की गयी तो वह गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास करने लगा तो देहात कोतवाली पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ सीमित जवाबी फायरिंग की गयी जिसमें एक को गोली लगी जो गिरकर कराहने लगा था। पुलिस टीम द्वारा पास जाकर देखा गया तो एक नवयुवक जो गिरकर कराह रहा था उसके दाहिने पैर में गोली लगी है जिसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम शिवम चौहान



पुत्र स्वर्गीय कृष्ण मुरारी निवासी धौरोपुर थाना देहात कोतवाली 23 वर्ष बताया, जिसकी जामा तलाशी ली गयी तो उसके पास से 1 देशी तमंचा, 1 जिन्दा व 1 खोखा कारतूस .315 बोर तथा पैन्ट की जेब से पीली धातू की मंगलसूत्र बरामद हुई तथा घटना में प्रयुक्त बाइक अपाची ब्लैक कलर नंबर अज्ञात गिरी हुई हालत में मिली, घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल मीरजापुर भिजवाया गया जहां उसकी स्थिति सामान्य है।

पुलिस की माने तो कम उम्र का शातिर है शिवम, पूछताछ में उसने बताया कि 16 अक्टूबर 2026 को आरटीओ ऑफिस से पहले पहाड़ी गांव से समय करीब 7-8 आठ बजे शाम को एक महिला जो लालगंज के तरफ स्कूटी से जा रही थी उसके गले से मंगलसूत्र और चैन को अपने सहयोगी साथी के साथ इसी ने सहयोग से छीना था। जिसमें से चैन अपने सहयोगी साथी को दे दिया तथा मंगलसूत्र के साथ आज जा रहा था की पकड़ा गया। चार मुकदमों में वांक्षित शिवम नगर क्षेत्र से लगे धौरुपुर गांव का होने के नाते रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में दहशत का पर्याप्त बना हुआ था, यही कारण था कि उस पर पहले से ही देहात कोतवाली थाना सहित जीआरपी थाना मिर्ज़ापुर में भी मुकदमा दर्ज रहा है। थाना प्रभारी देहात कोतवाली अमित कुमार मिश्रा के मुताबिक शिवम कम उम्र का लाभ उठाते हुए शातिर दिमाग का था जो अपराध को अंजाम देने के लिए शातिराना अंदाज इस्तेमाल किया करता था।

बेखौफ चोर दुर्गा पूजा पंडाल की दान पेटी का ताला तोड़कर की चोरी

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिले में चोर बेखौफ हैं, उन्हें भीड़ भाड़ वाले ख़ासकर दुर्गा पूजा पंडाल जैसे धार्मिक स्थल पर भी किसी का खौफ नहीं है।

यदि ऐसा ना होता तो भला दुर्गा पूजा पंडाल के दानपेटी पर हाथ ना फेरते..! दरअसल, यह पूरा मामला आदर्श नगर पंचायत कछवां स्थित जय मां दुर्गा पंडाल से जुड़ा हुआ है जहां बीती रात चोरों द्वारा दान पेटी का ताला तोड़कर हजारों रुपए उठा ले जाने का मामला सामने आया है। पंडाल के कोषाध्यक्ष संतोष कुमार उमर ने बताया कि लगभग रात 1 बजे जब पंडाल के कार्यकर्ता अपने घर चले गए थे, दान पेटी वहीं रखी हुई थी। तभी अज्ञात चोरों द्वारा दान पेटी का ताला काटकर लगभग हजारों रुपया माता रानी का चढ़ावा चुरा ले गए। ऐसी घटना घटित होने से कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं पंडाल के लोगों ने प्रशासनिक व्यवस्था न होने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। स्थानीय लोगों के अनुसार सूचना सुबह तब मिली जब कार्यकर्ताओं ने दान पेटी का ताला टूटा हुआ देखा। सूचना मिलते ही कछवां पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंडाल समिति ने प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग की है। समिति का कहना है कि नवरात्रि के समय श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जरूरी हैं।

कार को धक्का मारकर भाग रहे ट्रक को पकड़ने पर हुआ खुलासा

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जिले में नो इंट्री की व्यवस्था पंगु बनकर रह गई है। जिले की पुलिस कप्तान की हनक के बाद भी यातायात प्रभारी की तगड़ी सेटिंग सभी पर हावी दिखाई दे रही है। दिन हो या रात नो इंट्री मज़ाक बना हुआ है।

सोमवार को कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला है जब नो इंट्री में घुसे ट्रक ने एक कार को धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। बथुआ तिराहे से धक्का मार के भाग रे ट्रक को कार मालिक, ड्राइवर द्वारा पीछा करते हुए पकड़ा गया। बताते चलें कि नवरात्र मेला के कारण नो इंट्री लगने के बाद भी ट्रके किसके आदेश से दौड़ रही हैं यह कोई बताने को तैयार नहीं है। बताया जा रहा है कि ट्रक के ड्राइवर से और ट्रक के मालिक की यातायात प्रभारी की तगड़ी सेटिंग है। लोगों का कहना है कि किसानों के सब्जी-फल लदी गाड़ियां तो छोड़ते नहीं कहते है 12 बजे रात से 4 बजे भोर छोड़ते है। जबकि बड़े मालवाहक और अन्य सामान लदे ट्रकों को सुविधा शुल्क लेकर बड़े आराम से छोड़ा जाता है। चर्चा करते सुना जाता है कि यातायात प्रभारी अपने सीनियर अधिकारियों के आदेश की अवहेलना कर रहे है।

डीएम-एसपी ने किया दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण

संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के दिए निर्देश

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। शारदीय नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा मेला एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। सोमवार को डीएम शैलेश कुमार एवं एसपी अभिनव त्यागी ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सिंहपुर नहर, चकवा महावीर मंदिर के पास स्थित नहर तथा उगापुर नहर सहित विभिन्न विसर्जन स्थलों का भ्रमण किया और संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि विसर्जन स्थलों और वहां तक पहुंचने वाले मार्गों पर समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित हो। पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए जनरेटर की उपलब्धता रहे, रात में भी रोशनी की कमी न हो।

बैरिकेडिंग, पीए सिस्टम और कंट्रोल रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक विसर्जन स्थल पर अधिकारियों की तैनाती हो और वे पूरी जिम्मेदारी व



सतर्कता से निगरानी करें। किसी भी समस्या का तत्काल समाधान हो। एसपी ने विसर्जन के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, प्रभावी यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु बनी रहे और विसर्जन स्थलों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। डीएम ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा, दशहरा मेला एवं प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखें। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को तत्काल दूर कराने और किसी भी संभावित दुर्घटना की आशंका को गंभीरता से लेते हुए निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

भदोही में मतदान स्थलों के संभाजन की प्रक्रिया शुरू

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जनपद के तीनों विधानसभा क्षेत्रों भदोही, ज्ञानपुर और औराई में मतदान स्थलों के संभाजन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेश कुमार की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर इस प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

नए मानक के अनुसार जिन मतदान स्थलों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, उनके मतदाताओं को निकटवर्ती मतदान स्थलों पर समायोजित किया जाएगा। जहां समायोजन संभव नहीं होगा, वहां उसी भवन में नया मतदेय स्थल बनाया जाएगा। इस क्रम में दो नए मतदान स्थल बनाए जाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा जनपद में 6 मतदान स्थल भवन जर्जर पाए जाने के कारण उनके स्थान परिवर्तन की



कार्रवाई भी की गई है। उक्त प्रक्रिया के बाद जनपद में कुल 1379 मतदान स्थल प्रस्तावित किए गए हैं। प्रस्तावित मतदान स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन कर दिया गया है और सूची की प्रतियां राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनीतिक दल सूची का अवलोकन कर अपनी आपत्ति एवं सुझाव 23 अक्टूबर तक संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला, समस्त एसडीएम, बसपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी, रामप्रसाद यादव, आप के आशुतोष पांडेय, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर दुबे सहित अन्य दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महिषासुर मर्दनी की प्रस्तुत की गयी झांकी

तरूणमित्र न्यूज

घोरावल, सोनभद्र। नगर के श्री रामेश्वर रामलीला समिति की ओर से दिखाई जा रही रामलीला में रविवार की रात लक्ष्मण मूर्च्छा का मंचन किया गया। सबसे पहले महिषासुर मर्दनी की झांकी प्रस्तुत कर आरती हुई। इसके बाद मंचन के लिए पर्दा उठा। रामलीला में दिखाया गया कि राम अंगद को शांति दूत बनाकर लंका भेजे थे। उसके बाद राम व रावण में युद्ध का शंखनाद होता है। हालांकि कुंभकर्ण भी सीता को राम को लौटाने की सलाह रावण को देते है लेकिन अहंकारी रावण नहीं मानता। मेघनाथ अपनी मायावी शक्ति के प्रयोग से लक्ष्मण को नागपाश शक्ति प्रयोग कर मूर्छित कर देते हैं। बांहों में लक्ष्मण को भरकर राम पूछते है कि हे हनुमान बताओ कि इस मूर्छा को कैसे तोड़ा जा सकता है। उस पर हनुमान वैद्य को लेकर आते है, हिमालय पर्वत पर से संजीवनी बूटी लाते हैं और लक्ष्मण के प्राण को बचाते है। महंत सुरेश चौधरी ने हनुमान जी, सूरज उमर ने दशानन, छबीले ने इंद्रजीत, लवकुश अग्रहरि ने वैद्य, अनीश उमर ने श्री राम, अंशुमान ने लक्ष्मण की भूमिका निभाई। मेकप मास्टर अर्जुन उमर तथा रामचन्दर गिरी ने पात्रों को आकर्षक रूप में सजाया। अध्यक्ष कृष्ण कुमार किसानु, श्यामा गुप्ता, विजय, सोनू समेत रामलीला देखने के लिए नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही।

दुर्गापूजा पंडाल में चोरी, मां के चढ़ावे के गहने गायब

करीब 80 हजार रुपये के आभूषण चोरी होने का अनुमान, श्रद्धालुओं में आक्रोश

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। सिकरारा थाना क्षेत्र के दुदौली गांव स्थित आदि शक्ति दुर्गा पूजा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा पर चढ़ाए गए गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी गए आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई जा रही है। नवरात्र के पावन अवसर पर हुई इस घटना से श्रद्धालुओं में चिंता व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, सुबह पूजा समिति के सदस्य जब पंडाल पहुंचे तो मां दुर्गा की प्रतिमा पर चढ़ाए गए गहने गायब मिले। यह देखकर समिति के सदस्यों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण भी मौके पर जुट गए। इसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। बताया जाता है कि दुदौली गांव में स्थापित इस दुर्गा पूजा पंडाल की शुरुआत वर्ष 1991 में हुई थी। स्थापना के बाद से ही इस पंडाल से क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। हर वर्ष नवरात्र के दौरान यहां श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मां की प्रतिमा पर चढ़ाए गए गहनों की चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में नाराजगी और चिंता देखी जा रही है। फिलहाल इस मामले में पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। चोरी की घटना कैसे हुई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं, इसका पता पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा।

भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। शारदीय नवरात्र की महाष्टमी पर रविवार देर शाम सुईथाकला क्षेत्र के श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा समोधपुर में महानिशा पूजन, हवन और आरती का आयोजन हुआ। इसके बाद भंडारे में सैकड़ों स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाखा के उपाध्यक्ष एवं गांधी स्मारक विद्यालय संकुल के प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह मानव को सच्चे अर्थों में मनुष्य बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है। कोषाध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानाचार्य डॉ0 रणजीत सिंह ने कहा कि प्रत्येक प्राणी में ईश्वर का दर्शन करना अघोरेश्वर महाप्रभु का मूल मंत्र है। प्रो.अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि जाति-पाति, अमीरी-गरीबी सहित सभी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता के उत्थान के लिए समूह कार्य कर रहा है। इस अवसर पर भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री अजीत सिंह, सतीश सिंह, श्रीकृष्ण पाल सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. अजेय प्रताप सिंह, डॉ अजय कुमार सिंह, पद्मभूषण सिंह, दीपक सिंह, डॉ. संदीप सिंह, रामाशंकर मिश्र वैद्य, जितेंद्र बहादुर सिंह बबलू, राजन सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

मां शीतला को चना-पूड़ी और पंचमेवा का लगा भोग

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। शारदीय नवरात्र की नवमी पर सोमवार को विकासखंड सुईथाकला स्थित देवी धाम बसौली में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मां शीतला के दर्शन-पूजन के लिए भोर से पहले से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। दिनभर में 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में जयकारों के बीच भक्तों का उत्साह देखते ही बना। भोर में अजय सिंह और मध्याह्न आरती से पूर्व निखिल सिंह ने सपरिवार पहुंचकर माता रानी को चना-पूड़ी और पंचमेवा अर्पित किया। मुख्य पुजारी पंडित रमेश तिवारी ने बताया कि शारदीय और चैत्र नवरात्र में देवी धाम में दर्शन-पूजन का विशेष महत्व है। भक्त माता के चरणों में शीश नवाकर मनोकामना पूर्ति और परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते हैं।

नवमी पर कन्याओं का हुआ पूजन

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। पूर्वांचल की आस्था का केन्द्र मां शीतला चौकियां धाम में सोमवार को शारदीय नवरात्र के 9वें दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां शीतला का सिद्धिदात्री स्वरूप में दर्शन-पूजन करके मत्था टेका। प्रात:काल भोर में चार बजे मन्दिर के कपाट खुलने के पश्चात मन्दिर महंत विवेकानन्द पण्डा ने माता रानी का भव्य श्रृंगार करके आरती पूजन किया। हवन—पूजन एवं माता रानी के जयकारों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। कतार में खड़े होकर भक्तों ने माता रानी के दरबार में दर्शन पूजन करते नजर आये। इसको लेकर मन्दिर परिसर को आकर्षण रूप, रंग—बिरंगे झालर, लाइट आदि से सजाया गया था। दर्शनार्थी माता रानी के दर्शन पूजन करने के पश्चात् सत्य नारायण मन्दिर, काल भैरव नाथ मंदिर, काली मंदिर, हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन किये। श्रीमद्देवी भागवत पुराण के अनुसार शारदीय नवरात्र के नौवें दिन (महानवमी) मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मां सिद्धिदात्री भक्तों को अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, ईशित्व, वशित्व जैसी आठ सिद्धियां प्रदान करती हैं। इस दिन महानवमी की पूजा, हवन और कन्या पूजन किया गया। मां सिद्धिदात्री को हलवा, चना, पूरी और तिल का भोग लगाया जाता है। महानवमी पर हवन एवं कन्या पूजन के साथ शारदीय नवरात्र का समापन हुआ। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से मन्दिर परिसर सहित मेला क्षेत्र में पुलिस व पीएसी के जवान लगाये गये थे। आजमगढ़ मार्ग से आने वाले दर्शनार्थियों के लिये वाहन पार्किंग की व्यस्था मन्दिर से 300 मीटर की दूरी पूर्वी मुख्य मार्ग की गयी है। वहीं वाराणसी, शाहगंज, सुल्तानपुर, जौनपुर से आने पर पश्चिमी मुख्य मार्ग बड़ागर चौराहे पर वाहन पार्किंग की व्यस्था की गयी है। शीतला चौकियां धाम चौकी प्रभारी राम प्रकाश यादव सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ मेला क्षेत्र में मौजूद रहे। शारदीय नवरात्र के नवमी तिथि होने के कारण देर शाम तक भक्तों ने माता रानी के दर्शन पूजन करने के पश्चात् हवन पूजन किया।

कन्या पूजन और हवन से भक्तिमय हुआ एकता दुर्गा पूजा पंडाल

तरूणमित्र न्यूज

बक्शा। स्थानीय थाना क्षेत्र के सराय लोका बाजार स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक एकता दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में सोमवार को शारदीय नवरात्र की महानवमी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पंडाल में मंत्रोच्चार, हवन, कन्या पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगलमय जीवन की कामना की। महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की आराधना का विशेष धार्मिक महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां सिद्धिदात्री अपने भक्तों को सिद्धि, आध्यात्मिक शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती हैं। नवरात्र के नौवें दिन देवी के इस स्वरूप की पूजा कर श्रद्धालु नौ दिनों की साधना को पूर्ण करते हैं।

महानवमी के अवसर पर दुर्गा पूजा पंडाल में मां सिद्धिदात्री को हलवा, पूड़ी, चना, खीर, नारियल और मौसमी फलों का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद कन्या पूजन की परंपरा श्रद्धा के साथ निभाई गई। छोटी-छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया और उन्हें विधिवत भोजन कराया गया। कन्याओं को उपहार एवं दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया गया।

कन्या पूजन के साथ लांगुर पूजन भी किया गया। महानवमी पर समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विधि-विधान से हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। दुर्गा सप्तशती के पाठ, वैदिक मंत्रोच्चार और हवन में आहुतियां अर्पित कर मां दुर्गा से देश, समाज और परिवार की सुख-शांति, समृद्धि तथा कल्याण की प्रार्थना की गई। धार्मिक परंपरा के अनुसार, अष्टमी अथवा नवमी पर कन्या पूजन और हवन के बाद श्रद्धालु अपने नवरात्र व्रत का पारण करते हैं। महानवमी का पर्व शक्ति की उपासना, आस्था और नारी सम्मान का संदेश देता है। मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के साथ नौ दिनों तक चले शारदीय नवरात्र का धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण हुआ। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। एकता दुर्गा पूजा समिति का पंडाल पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और श्रद्धा का केंद्र बना रहा। इस मौके पर एकता दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष विनोद गुप्ता, उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल, सचिव माधुरी गुप्ता, कोषाध्यक्ष गणेश कुमार गुप्ता, महामंत्री संजय यादव, मीडिया प्रभारी रतन लाल आर्य, उप मंत्री विकास सिंह, प्रधानपति अनिल सरोज, कार्यकर्ताओं में मनोज मोदनवाल, रोहित गुप्ता, करन गुप्ता, राहुल गुप्ता, दिनेश मोदनवाल, विजय जायसवाल, बाबूलाल पटवा सहित अन्य कार्यकर्ता श्रद्धालु मौजूद रहे।

दवा छिड़काव के नाम पर नगर पंचायत कर रहा खानापूर्ति

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। जिले के नगर पंचायत कजगांव में इस समय मच्छरों के प्रकोप के कारण जहां लोग डेंगू व मलेरिया जैसी घातक बीमारी के शिकार हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ नगर पंचायत में रहने वाले लोग पूरी तरह से परेशान हैं। देर रात तक मच्छरों के चुगने से जाग रहे हैं। मच्छरों का प्रकोप का आलम यह है कि दिन हो या रात उनका वार चलता ही रहता है। मच्छरों के प्रकोप से अधिकांश छोटे-छोटे बच्चे मलेरिया व डेंगू की गिरफ्त में आ जा रहे हैं। इसके बावजूद नगर पंचायत पूरी तरह से कुम्भकर्णी निद्रा में मस्त है। नगर पंचायत क्षेत्र में लोगों का कहना है कि बरसात का मौसम चलने के कारण इस समय मच्छरों का प्रकोप बहुत तेजी से बढ़ा हुआ है। ऐसी दशा में मच्छरों का दवा छिड़काव सिर्फ नहीं के बराबर किया जा रहा है।

मच्छरों के दवा के छिड़काव के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है। मच्छरों के विषैले प्रकोप से बचाने व लोगों को राहत पहुंचाने का कोई उपाय ठीक ढ़ग से नहीं किया जा रहा। जबकि शासन द्वारा इस विभाग को धन और दवा भी उपलब्ध कराया जाता है लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि नगर पंचायत के अध्यक्ष सहित अधिशासी अधिकारी व अन्य कर्मचारी भी मच्छरों की हनक से भयभीत होकर उनके विरुद्ध अभियान चलाने में अपने आप को कमजोर समझते हैं क्या कारण है कि मच्छरों के विरुद्ध कीटनाशक दवा का छिड़काव सिर्फ नहीं के बराबर ही किया जा रहा और नहीं फागिंग मशीन द्वारा मच्छरों की जनसंख्या वृद्धि को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में नगर पंचायत शासन के मंन्शा को पूरी तरह से मुंह चिढ़ा रहा है।

सेवा भारती ने कन्या पूजन कार्यक्रम का किया आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। शारदीय नवरात्रि महापर्व के पावन अवसर पर सेवा भारती द्वारा अखडू घाट मंदिर, सेवा बस्ती जमैथा में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में कन्याओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर उन्हें उपहार भेंट किए गए तथा सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस आयोजन के माध्यम से नारी शक्ति के सम्मान, भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संघचालक डॉ. सुभाष सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अत्यंत सरल एवं सहज भाषा में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का वर्णन किया। उन्होंने नवरात्रि पर्व की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों से मिलने वाली प्रेरणा को समझाया।कार्यक्रम की संयोजिका एवं सेवा भारती की वैभव प्रमुख किरन सिंह ने कन्या पूजन कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाओं का कुशलतापूर्वक संयोजन एवं संपादन किया तथा भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, सेवा भारती शिक्षा आयाम प्रमुख अर्चना सिंह, महिला प्रमुख द्वय स्वप्निल सिंह, सुचिता सिंह एवं श्री जी साहू सहित उपस्थित मातृशक्तियों ने कन्याओं का पूजन-अर्चन कर उन्हें उपहार भेंट किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन सेवा भारती के जिला महामंत्री देवेश गुप्ता ने किया, जबकि उपस्थित अतिथियों एवं जनसमूह के प्रति आभार जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सेवा भारती के संरक्षक डॉ. विनोद कुमार, अनिल सिंह, नारायण चौरसिया, दिलीप सिंह, संतोष कुमार, ओमित साहू, ओपी मौर्य, सुधीर कुमार सिंह, रामचंद्र मधुकर, राजेश कुमार, अजय उपाध्याय, निलेश सिंह, शशांक श्रीवास्तव, धर्मेंद्र निषाद सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

गहना कोठी परिवार के धार्मिक आयोजन में निकलेगी कलश यात्रा

23 से शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा, 29 अक्टूबर को भंडारे के साथ होगा समापन


कलश यात्रा की फाइल फोटो

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। धर्म और आध्यात्म की नगरी जौनपुर में गहना कोठी भगेलू राम रामजी सेठ परिवार के विभिन्न प्रतिष्ठानों की ओर से भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 22 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जबकि 23 से 29 अक्टूबर तक विवाह मैरेज हॉल में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। सात दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।कलश यात्रा 22 अक्टूबर को निर्धारित समय पर सद्भावना पुल स्थित नवदुर्गा मंदिर से प्रारंभ होगी। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आगे बढ़ेगी। इसमें ओलंदगंज, शाही पुल, कोतवाली चौराहा और अटाला मस्जिद के सामने से होते हुए राजा की हवेली के पास स्थित विवाह मैरेज हॉल तक पहुंचेगी। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिलेगा। इसके अगले दिन 23 अक्टूबर से विवाह मैरेज हॉल में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा। 29 अक्टूबर तक चलने वाली कथा में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म और आध्यात्म से जुड़े प्रसंगों का श्रवण करेंगे।

आयोजन के अंतिम दिन कथा समापन के पश्चात प्रसाद वितरण एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गहना कोठी परिवार ने समस्त श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने की विनम्र अपील की है। परिवार की ओर से सभी भक्तों को कथा श्रवण करने और प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है। आयोजन की जानकारी देते हुए विवेक सेठ मोनू ने बताया कि यह कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सद्भाव की भावना के साथ आयोजित ह्विकया जा रहा है। सभी धर्मों के प्रति सम्मान और आपसी सौहार्द की भावना के लिए पहचाने जाने वाले गहना कोठी परिवार के इस आयोजन को लेकर शहर में धार्मिक उत्साह देखा जा रहा है।

रविन्द्र पटेल का आगमन 22 को

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष रविद्र सिंह पटेल 22 अक्टूबर को शिवापार पेट्रोल पम्प के पास सभा को सम्बोधित करेंगे। यह जानकारी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिलाध्यक्ष रघुनाथ यादव ने दी है।

पूर्व प्रधान के घर शोक संवेदना देने पहुंचे पूर्व मंत्री

तरूणमित्र न्यूज

तेजीबाजार। क्षेत्र के दिलशादपुर रामचंद्रपुरा गांव निवासी पूर्व प्रधान कमलाकर मिश्र की भाभी के निधन की खबर सुनकर महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह सोमवार को उनके आवास पर पहुंचकर रत्नाकर मिश्र सहित परिवारजन से मिले और हालचाल लिया। पूर्व प्रधान के भतीजे राजेश मिश्र तथा पंडित मुकेश मिश्र से मिलकर हालचाल लिया , पूर्व गृह राज्य मंत्री के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामराज सिंह, समाजसेवी सौरभ सिंह भी आये थे।

हमले में घायल युवक ट्रामा सेंटर रेफर

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। बरसठी थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव में अज्ञात बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक की पीठ पर चाकू से कई वार किए जाने की बात सामने आई है। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, युवक अपने घर से कुछ दूरी पर था, तभी अज्ञात बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया। हमले में वह लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस जांच में जुट गई। हमले के पीछे की वजह और आरोपियों की पहचान के संबंध में फिलहाल स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ट्रेन से कटकर दिव्यांग की मौत

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के टकटकपुर गांव के पास वाराणसी रेलवे ट्रैक पर रविवार की देर शाम को ट्रेन से कटकर एक 38 वर्षीय दिव्यांग की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के कुतलुपुर गांव निवासी शिवकुमार चौहान पुत्र अमर सिंह चौहान देर शाम को लगभग सात बजे उक्त गांव के सामने वाराणसी की तरफ से आ रही मरुधर एक्सप्रेस से कट गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने बताया कि मृतक के छोटे भाई लालबहादुर चौहान की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

संजीवनी लेकर पहुंचे हनुमान तो गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। हुसेनाबाद में आयोजित ऐतिहासिक रामलीला में अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति और उसके निवारण के प्रसंगों का भावपूर्ण एवं सजीव मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने दमदार अभिनय से रामायण के इन महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत कर दिया। अंगद और रावण के बीच तीखे संवादों ने जहां दर्शकों में उत्सुकता पैदा की, वहीं युद्ध के दौरान लक्ष्मण के मूर्छित होने और उनके उपचार के लिए हनुमान के संजीवनी बूटी लाने के दृश्य ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। मंचन के दौरान पंडाल में जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। रामलीला के दौरान लंका में श्रीराम के दूत बनकर पहुंचे अंगद और रावण के बीच संवाद का प्रभावशाली मंचन किया गया। अंगद ने रावण को माता सीता को सम्मानपूर्वक श्रीराम को लौटाने और युद्ध का रास्ता छोड़ने की सलाह दी। उन्होंने रावण को उसकी शक्ति और अहंकार के परिणामों से आगाह करते हुए प्रभु श्रीराम की शक्ति का एहसास कराया। दूसरी ओर, रावण अपने अहंकार में चूर होकर अंगद की बात मानने को तैयार नहीं हुआ। दोनों के बीच हुए संवाद ने दर्शकों को रामायण के उस प्रसंग की याद दिलाई, जिसमें सत्य और धर्म के पक्ष में खड़े अंगद ने रावण की सभा में निर्भीकता का परिचय दिया था। इसके बाद राम-रावण युद्ध के दौरान लक्ष्मण शक्ति प्रसंग का मंचन हुआ। युद्ध में मेघनाद की शक्ति लगने से लक्ष्मण मूर्छित होकर भूमि पर गिर पड़े। लक्ष्मण की यह दशा देखकर श्रीराम व्याकुल हो उठे। भाई के प्रति उनका प्रेम और चिंता देखकर दर्शक भावुक हो गए। लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा के लिए लंका से वैद्य सुषेण को लाने और उनके परामर्श पर संजीवनी बूटी की व्यवस्था करने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। लक्ष्मण के उपचार के लिए हनुमान के संजीवनी बूटी लाने का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा। हनुमान के पराक्रम, समर्पण और सेवाभाव को कलाकारों ने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। संजीवनी मिलने के बाद लक्ष्मण के स्वस्थ होने पर रामलीला स्थल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कलाकारों के अभिनय, संवाद अदायगी और प्रसंगों की प्रस्तुति ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा।

हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र में अवैध पिस्टल से फायरिंग कर हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी संदीप यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से .32 बोर की एक अवैध पिस्टल, एक मैगजीन सहित कुल दो मैगजीन बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में कुल 12 आपराधिक मुकदमे दर्ज होने का उल्लेख है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, दो अक्टूबर को मझगवां खुर्द निवासी विनोद कुमार दुबे की लिखित तहरीर के आधार पर जलालपुर थाने में संदीप यादव पुत्र अशोक यादव निवासी नेवादा और तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा अपराध संख्या 436/2026 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 352 और 351(3) के तहत कार्रवाई की गई थी। इसी मामले में संदीप यादव वांछित चल रहा था। अपराध नियंत्रण और वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

ट्रक से टकराकर बाइक सवार की मौत

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। सोमवार सुबह सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जपटापुर गांव के पास बाइक से जा रहे युवक की ट्रक की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है पड़ोसी जनपद आजमगढ़ बाजूबंद थाना क्षेत्र के केंद्रपुर गांव निवासी सरवन कुमार उम्र लगभग 33वर्ष पुत्र अक्षय लाल बाइक से शाहगंज की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जपटापुर गांव के पास ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा जिला अस्पताल लाया गया यहां पर चिकित्सकों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।

21 अक्टूबर की रात्रि तक शहर में वाहनों पर लगा प्रतिबन्ध

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। दशहरा व दुर्गा प्रतिमा विसर्जन पर शहर क्षेत्र में होने वाले भीड़ के दृष्टिगत दिनांक 19 अक्टूबर की रात्रि 24 बजे से समस्त नो एंट्री प्वाइंटों पर नो एंट्री लागू रहेगी। 20 अक्टूबर को प्रात: 8 से 21 अक्टूबर की रात्रि 23 बजे तक उक्त कार्यक्रम के सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु यह आदेश लागू रहेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जौनपुर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, जाम मुक्त व दुर्घटना रहित बनाने के लिये दिन के समय में आवश्यक वस्तु (गैस, डीजल, पेट्रोल, व मेडिकल से सम्बन्धित वाहन को छोड़कर) नो एंट्री (भारी वाहनों) का शहर क्षेत्र में प्रवेश पूर्णत: वर्जित रहेगा। शहर क्षेत्र में सुगम यातायात संचालन हेतु आटो, टोएटो एवं चार पहिया वाहनों का डायवर्जन 20 अक्टूबर को 14 बजे से लगातार 21 अक्टूबर की रात्रि 23 बजे तक किया जायेगा। पुलिस विभाग से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शहर क्षेत्र में सुगम यातायात संचालन हेतु पचहटियां तिराहा से शहर क्षेत्र में आने वाले भारी वाहनों का आवागमन 20.10.2026 को समय प्रात: 8 से लगातार 21.10.2026 को समय रात्रि 23 बजे तक पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

पोखरे में डूबन से मासूम की मौत, परिवार में कोहराम

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। शाहगंज थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम पोखरे में डूबने से तीन वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। कांशीराम शहरी आवास कॉलोनी के पीछे स्थित पोखरे में हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया। मासूम की मौत से परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, बच्चा खेलते-खेलते पोखरे की सीढ़ियों तक पहुंच गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह पोखरे में गिरकर डूब गया। काफी देर तक बच्चे के घर नहीं लौटने पर परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान पोखरे में मासूम का शव मिला। इसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी प्रीतम वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। तीन वर्षीय मासूम की मौत से इलाके में भी शोक का माहौल है।

मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के हरईपुर गांव में अपने मालिक से मिलने आए श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। लखनऊ जनपद के पारा थाना क्षेत्र में स्थित कांशी राम आवास हंसखेड़ा गांव निवासी राम किशोर उम्र लगभग 69 वर्ष चमन लाल से जो हलवाई का काम करते हैं उनसे मिलने के लिए आया हुआ था।

रविवार रात खाना खाकर सोया हुआ था। आचानक उसकी तबियत खराब हुई उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मानीकला हाल्ट पर ट्रेन रुकने से खुशी की लहर

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। उत्तर रेलवे द्वारा त्योहार को देखते हुए वाराणसी जंक्शन से शाम 4:20 मिनट पर मेमू स्पेशल ट्रेन 18 अक्टूबर से संचालन होकर अयोध्या धाम रात में लगभग 10 बजे पहुँचेगी और अयोध्या धाम से रात लगभग 10:30 बजे रवाना होकर 25 छोटे बड़े सभी स्टेशन होकर भोर में 4 बजे वाराणसी जंक्शन पर पहुँचेगी। यात्रा हुआ आसान जैसे मानी कलां, गुरैनी, भुडकुड़हा, सन्दहा, नौनारी, मवई, सोंगर, बरंगी, झासेपुर भदौनी, मानीखुर्द आदि दर्जनों गाँव के लोगों के लिए यात्रा में खुशी की लहर पहले दिन मानी कलां हाल्ट से स्पेशल मेमू ट्रेन से आधा दर्जन लोग रात 11:09 मिनट पर अयोध्या धाम दर्शन के लिए ट्रेन से सफर किए वाराणसी से अयोध्या धाम जाने वाली ट्रेन नंबर 04201 और अयोध्या धाम से वाराणसी के लिए मेमू स्पेशल ट्रेन नंबर 042202 है यह मेमू ट्रेन 12 कोच की अनारक्षित स्पेशल ट्रेन है।

प्रेम-प्रसंग में युवक की पिटाई, मामला लट्टूपुर गांव का

तरूणमित्र न्यूज

केराकत। स्थानीय थाना क्षेत्र के लट्टूपुर गांव में रविवार रात प्रेम प्रसंग से जुड़े मामले में एक युवक की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि युवक रात करीब 9:30 बजे गांव में एक युवती से मिलने पहुंचा था। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। हलांकि तरुणमित्र समाचार पत्र वायरल वीडियों की पुष्टि नहीं करता है।

घटना के बाद मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने लगा। प्रेम प्रसंग से जुड़े इस मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

हालांकि, वायरल वीडियो में दिखाई दे रही घटना के पीछे की पूरी वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामले में युवक की मौजूदा स्थिति, मारपीट में शामिल लोगों की पहचान और घटना के संबंध में पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। ऐसे में घटना से जुड़े सभी तथ्यों की पुष्टि होना बाकी है।

नवमी के दिन हुआ हवन पूजन

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। नगर के सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग ओवर ब्रिज के समीप स्थित श्री मां आद्या शक्ति दक्षिणा काली मन्दिर पर चैत्र शारदीय नवरात्र के नवमी के दिन सोमवार को प्रधान पुजारी भगवती सिंह वागीश ने सैकड़ों लोगों को हवन पूजन कराया। इस मौके पर मन्दिर के पुजारी भगवती सिंह वागीश ने बताया कि हवन से आस-पास का वातावरण शुद्ध हो जाता है और प्राणियों में सर्वधन का संचार हो जाता है। घंटा व शंख की ध्वनी से वातावरण अत्यन्त आनन्दमय हो जाता है। अत: कलयुग में काली उपासना परम शक्ति वर्धक एवं मंगलकारी है। कलयुग में मां काली की पूजा अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। इस दौरान सपा नेता अजय त्रिपाठी, वेद प्रकाश सिंह एडवोकेट, मतिवार सिंह , दलसिंगर, रामपाल विश्वकर्मा, रतन, रामवतार यादव, अमित दुबे, विपिन सिंह, सर्वेश सिंह सोनू, भानु मौर्य, प्रमोद सेठ, मनीष सोनकर व वन्देश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विवादित जमीन पर रातो-रात निर्माण का आरोप

पुलिस की मिलीभगत से कब्जा कराने का आरोप, पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी से लगाई न्याय की गुहार

तरूणमित्र न्यूज

केराकत। कोतवाली क्षेत्र के मथुरापुर गांव में पैतृक जमीन को लेकर दो सगे भाइयों के बीच चल रहा विवाद एक बार फिर गहरा गया है। आरोप है कि छोटे भाई ने अपने हिस्से की जमीन बेचने के बाद बड़े भाई के हिस्से की जमीन भी कथित रूप से फर्जी तरीके से बेच दी। मामला दीवानी न्यायालय में लंबित होने के बावजूद विवादित जमीन पर रातोंरात पक्का निर्माण कर टिन शेड डालकर कब्जा कर लिया गया। पीड़ित ने इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए केराकत कोतवाली प्रभारी से हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। मथुरापुर गांव निवासी आनंद दीक्षित के अनुसार, उनका अपने भाई सुशील दीक्षित से पैतृक जमीन को लेकर पिछले कई वर्षों से विवाद चल रहा है। आरोप है कि सुशील अपने हिस्से की जमीन पहले ही बेच चुका था। इसके बाद उसने कथित रूप से फर्जी तरीके से आनंद के हिस्से की जमीन भी बेच दी। इस मामले में सुशील दीक्षित और जमीन के खरीदार नंदलाल व उनकी पत्नी संपत्ति देवी के खिलाफ केराकत थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज है। वहीं, जमीन को लेकर दीवानी न्यायालय में भी सुनवाई चल रही है। आनंद दीक्षित का आरोप है कि न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद विपक्षियों ने बीती रात करीब एक बजे से सुबह तक विवादित जमीन पर निर्माण कार्य कराया। आरोप के मुताबिक पक्का निर्माण कराकर टिन शेड डाल दिया गया और जमीन पर कब्जा कर लिया गया। पीड़ित ने इस पूरी कार्रवाई में स्थानीय पुलिस की मिलीभगत होने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित आनंद दीक्षित ने केराकत कोतवाली प्रभारी से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने, विवादित जमीन पर कराए गए निर्माण की जांच कराने तथा जमीन की पूर्व स्थिति बहाल कराने की मांग की है।

मां शारदा शक्तिपीठ में नवमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। शारदीय नवरात्र के नौवें दिन महानवमी पर मां शारदा स्ट्रीट शास्त्री नगर परमानतपुर स्थित श्री मां शारदा शक्तिपीठ (मैहर वाली मंदिर) में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रात:काल मंदिर के पट खुलते ही मां का भव्य श्रृंगार एवं आरती किया गया। इसके बाद कलश पूजन, कन्या पूजन एवं हवन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। मां के दर्शन-पूजन के लिए सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। मंदिर परिसर मां के जयकारों से गुंजायमान रहा और भक्तों ने मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं परिवार के कल्याण की कामना की। नवमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां को हलवा-पूरी, नारियल, चुनरी, दूध से बने प्रसाद एवं विभिन्न प्रकार की मिठाइयां अर्पित कीं। पूरे नौ दिनों तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर को आकर्षक ढंग से दुल्हन की तरह सजाया गया था। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे, जिसकी भक्तों ने सराहना की। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी सत्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र महोत्सव के दौरान मां के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर में भव्य सजावट के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। उन्होंने मां शारदा से सभी भक्तों के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

विकास को रफ्तार, 8.30 किमी मार्ग का हो रहा निर्माण

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। शाहगंज विधानसभा क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर बनाने के लिए राज्य सड़क निधि योजना के तहत 8.300 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का निर्माण कार्य हो रहा है। लखनऊ-बलिया मार्ग (राज्य मार्ग-34) पर बढ़ौना पानी की टंकी से चिलबिली, गंगौली, सवायन, रुधौली (सरपहाँ मोड़) और जमौली होते हुए समोधपुर मार्ग तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इससे संबंधित गांवों के लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। सड़क चौड़ी और मजबूत होने से यात्रा अधिक सुगम होगी तथा क्षेत्र की संपर्क व्यवस्था बेहतर होगी। विधायक रमेश सिंह ने कहा कि शाहगंज विधानसभा क्षेत्र में सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। बेहतर सड़कें ग्रामीण विकास को गति देने के साथ लोगों के दैनिक आवागमन को आसान बनाती हैं। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्रवासियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने में सुविधा मिलेगी।

सर्पदंश से वृद्ध की मौत

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। रविवार रात्रि दुकान में काम करते समय सांप के काट लेने से वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि चंद्रावल थाना क्षेत्र के मनी गांव निवासी अकबर उम्र लगभग वर्ष 60 पुत्र स्वर्गीय जहूर अंसारी गांव में ही किराने की दुकान में काम कर रहे थे। इसी दौरान दुकान के अंदर बैठे सांप ने उन्हें काट लिया। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जैसे ही यह खबर परिजन को मिली कोहराम मच गया।

तरुणमित्र

मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026

संवत- 2083, अश्विन शुक्ल पक्ष.- 10

वोट चोरी: विदेशों में प्रदर्शन!

भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर उठे सवाल अब देश की सीमाओं से बाहर जाकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर गूंज रहे हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कथित अनियमितताओं और लाखों नामों के हटने के आरोपों को लेकर विपक्षी दलों द्वारा देशभर में चलाए जा रहे आंदोलन ने अब प्रवासी भारतीयों और विदेशों में सक्रिय समूहों को भी सड़कों पर उतार दिया है। लंदन के संसद चौक से लेकर अमेरिका के कई शहरों और कनाडा के वैंकूवर तक हो रहे ये प्रदर्शन महज राजनीतिक शोर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर वैश्विक चिंता का प्रतीक हैं। ये प्रदर्शन इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह रेखांकित करते हैं कि भारतीय लोकतंत्र अब केवल घरेलू मामला नहीं रह गया है। करोड़ों प्रवासी भारतीय विश्वभर में फैले हैं। वे भारत की राजनीतिक प्रक्रिया को ध्यान से देखते हैं और जब उन्हें लगता है कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव हो रहे हैं, तो वे अपनी आवाज उठाने का हक समझते हैं। लंदन में गांधी प्रतिमा के पास हुए प्रदर्शन या अमेरिकी शहरों में 'नो ग्यानू, नो एसआईआर' जैसे नारों के साथ आयोजित कार्यक्रम दर्शाते हैं कि प्रवासी समुदाय चुनावी निष्पक्षता को अपने मूल देश की लोकतांत्रिक छवि से जोड़कर देखता है। जब देश के अंदर चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर सवाल उठ रहे हों, तो विदेश में भी ये सवाल गूंजना स्वाभाविक है। प्रदर्शनों का एक और अर्थ यह है कि डिजिटल युग में सूचना और आक्रोश की कोई सीमा नहीं रह गई है। सोशल मीडिया और प्रवासी नेटवर्क के माध्यम से घरेलू मुद्दे तेजी से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच जाते हैं। यह प्रक्रिया दोधारी तलवार है। एक ओर यह लोकतांत्रिक जवाबदेही बढ़ाती है और संस्थानों को पारदर्शिता के लिए मजबूर करती है। दूसरी ओर, यह राजनीतिक ध्रुवीकरण को भी विदेशों तक ले जाती है। भारत में जहां एक पक्ष एसआईआर को मतदाता सूची की सफाई बताता है, वहीं दूसरा पक्ष इसे व्यवस्थित वोट चोरी करार देता है। विदेश में प्रदर्शन इस विवाद को और तीखा बना देते हैं, क्योंकि वे बाहरी दुनिया को भारत की आंतरिक राजनीतिक लड़ाई का हिस्सा बना देते हैं। फिर भी, इन प्रदर्शनों का सकारात्मक पहलू नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वे याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं। मतदाता सूची की शुद्धता, नाम जोड़ने-काटने की प्रक्रिया की पारदर्शिता और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता लोकतंत्र की नींव हैं। जब लाखों मतदाताओं के नाम हटने की बातें सामने आती हैं, तो सवाल उठना जरूरी है। विदेश में प्रदर्शन इस सवाल को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिलाते हैं और भारतीय संस्थाओं को और अधिक जवाबदेह बनाते हैं। साथ ही, ये प्रदर्शन प्रवासी भारतीयों की अपनी मातृभूमि से जुड़ाव को भी रेखांकित करते हैं। वे केवल आर्थिक योगदानकर्ता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षक भी बनना चाहते हैं। हालांकि, इन प्रदर्शनों को संतुलित नजरिए से देखना जरूरी है। हर आरोप को अंतिम सत्य मान लेना और हर विरोध को राष्ट्र-विरोधी करार देना दोनों ही गलत हैं। चुनाव आयोग को अपने कामकाज की पूरी पारदर्शिता दिखानी चाहिए, आंकड़ों को स्पष्ट करना चाहिए और आशंकाओं का निराकरण करना चाहिए। विपक्ष को भी सबूतों के आधार पर बात करनी चाहिए, न कि केवल नारों पर। विदेश में प्रदर्शन तब सार्थक होंगे जब वे रचनात्मक संवाद और सुधार की मांग करें, न कि केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का विस्तार। अंततः विदेशों में वोट चोरी के आरोपों पर हो रहे प्रदर्शन लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण हैं। वे बताते हैं कि भारतीय नागरिक, चाहे वे कहीं भी रहें, अपने मताधिकार की रक्षा को लेकर सजग हैं। यह सजगता यदि पारदर्शिता, संस्थागत सुधार और सहमति की दिशा में ले जाए, तो लोकतंत्र और मजबूत होगा। अन्यथा, यह केवल राजनीतिक ध्रुवीकरण का एक और अध्याय बनकर रह जाएगा। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि वह इन आवाजों को सुने, जवाब दे और विश्व को यह संदेश दे कि उसकी चुनावी प्रक्रिया न केवल स्वतंत्र है, बल्कि पूरी तरह विश्वसनीय भी है।

...आज का दिन...

मेष- निराशा का समापन, शारीरिक कष्ट में कमी, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, लाभ का सिलसिला, जीवन साथी सं सामंजस्य, राजनीतिक कृत्यों में वृद्धि।

वृषभ- सोचे हुए कार्य पूर्णता की ओर, उच्चाधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, कठिनाइयों का निराकरण, धन की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन मधुर, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त।

मिथुन- शारीरिक मानसिक कष्ट, कार्यों में व्यवधान, समस्या से तनाव, विचारों में उग्रता, अशांति, परिवार में अनावश्यक खर्च, किसी से विश्वासघात की आशंका।

कर्क- वाक्पटुता से संकल्प सिद्धि का प्रयास, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, भौतिक सुख के साधन उपलब्ध, विवाद का निर्णय पक्ष में, वांछित सफलता।

सिंह- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, श्रेष्ठजनों से अनुकूलता, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय, कर्ज की अदायगी संभव।

कन्या- अभिलाषा की पूर्ति, आशानुकूल घटनाएं घटित, संतान पक्ष से चिन्ताएं कुछ कम, राजनैतिक पक्ष से लाभान्वित, अध्यावसाय की ओर रुझान, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।

तुला- स्वास्थ्य में शिथिलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, नवउत्तरदायित्व को निभाने में मुश्किलें, आय की तुलना में व्यय की अधिकता, चोट-चपेट संभव।

वृश्चिक- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, आत्मसंयम से कार्यों में प्रगति का सिलसिला, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, मनोविनोद के अवसर सुलभ, हर्ष भी।

धनु- व्यावसायिक प्रगति हेतु विचार विमर्श, शुभ भावनाओं का उदय, विरोधी परास्त, अपने स्तर को बनाए रखने के लिए व्यय, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, यात्रा सफल।

मकर- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, आर्थिक स्थिति में सुधार, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, प्रतियोगिता में सफलता, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

कुम्भ- कार्यों में अवरोध, जोखिम से हानि संभव, एकाग्रता का अभाव, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, आपसी जनों से अनबन, शारीरिक मानसिक कष्ट, चोट-चपेट।

मीन- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, किसी विवाद का समापन, आहार-विहार में नवीनता, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

चन्दौली में गो-तस्करी का खुलासा, दो गोवंश बरामद

तरुणमित्र न्यूज

शहाबगंज,चन्दौली। जनपद चन्दौली के थाना शहाबगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान पिकअप वाहन में लादकर ले जाए जा रहे दो गोवंशों को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पिकअप वाहन संख्या UP67AT3897 को भी कब्जे में लिया है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 18 अक्टूबर को सेमरा चौराहे से लगभग 150 मीटर उत्तर, ईदगाह अमरसीपुर जाने वाले मार्ग पर की गई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान जयप्रकाश उर्फ बबलू (42 वर्ष), पुत्र मुराहू, निवासी ग्राम बुढ़मांव, थाना शहाबगंज, जनपद चन्दौली के रूप में हुई है। **बिहार में गोवंश बेचकर मुनाफा कमाने का आरोप** पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि वह कम कीमत पर गाय और बछड़ों को खरीदकर पिकअप में लादता था तथा सेमरा और इलिया के रास्ते बिहार ले जाकर अधिक दाम पर बेचता था। **गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज** पुलिस ने बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना शहाबगंज में मुकदमा संख्या 127/2026 के तहत गोवध निवारण अधिनियम की धारा 3/5ए/5बी/8 में अभियोग पंजीकृत किया है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश करने के लिए भेजा गया। **पुलिस टीम की कार्रवाई** यह कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्देशन और थानाध्यक्ष शहाबगंज अरुण प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस मामले में नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।

विजयादशमी: राम की विजय में ही निहित है लोकहित की शिक्षा

विजयादशमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का वह उत्सव है जो हर वर्ष मनुष्य को याद दिलाता है कि सत्य, धर्म और न्याय की विजय अंततः अहंकार, अत्याचार और अधर्म पर होती रही है। इस दिन प्रभु श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर धर्म की पुन:स्थापना की थी।

विजय का अर्थ विजयादशमी शब्द का शाब्दिक अर्थ है—दसवें दिन की विजय। नवरात्रि के नौ दिनों के बाद दशमी तिथि पर यह उत्सव मनाया जाता है। उत्तर भारत और अनेक अन्य क्षेत्रों में यह दिन राम-रावण युद्ध की समाप्ति और रावण-वध की स्मृति में मनाया जाता है, जबकि कुछ परंपराओं में यह दुर्गा द्वारा महिषासुर पर विजय का पर्व भी है। दोनों परंपराओं का संदेश एक ही है—नैतिक शक्ति, साहस और धर्म की अंतिम जीत।

राम की विजय केवल एक राजा की दूसरे राजा पर जीत नहीं थी। वह उस संघर्ष की विजय थी जिसमें एक ओर थे अहंकार, कामवासना, अधिकार का दुरुपयोग और पराधीनता; दूसरी ओर थे धैर्य, संयम, न्याय, कर्तव्यनिष्ठा और लोककल्याण के परम पावन उद्देश्य।

राम का चरित्र प्रभु राम को भारतीय संस्कृति में मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, अर्थात् वे वह आदर्श पुरुष हैं जिन्होंने अपने



जीवन में धर्म, नैतिकता और कर्तव्य की सीमा को कभी नहीं तोड़ा। रामायण में उनके चरित्र के प्रमुख गुण—सत्य, दान, तप, वैराग्य, मित्रता, पवित्रता, सीधापन, गुरु-सेवा और विपत्ति में भी धर्म और न्याय का परित्याग न करना।राम आदर्श पुत्र हैं, आदर्श भाई हैं, और आदर्श राजा हैं। पिता के वचन का सम्मान करते हुए उन्होंने चौदह वर्ष का वनवास स्वीकार किया। यह उनकी व्यक्तिगत हानि थी, पर उन्होंने उसे अपने कर्तव्य के आगे रखा। भाइयों के प्रति उनका प्रेम, लक्ष्मण के साथ उनका सहनशील साहचर्य और भरत के प्रति उनका नि:स्वार्थ स्नेह भारतीय परिवार-मूल्यों का आदर्श बन गया।

राम का राजा होना उनकी सबसे बड़ी परीक्षा थी। राजा केवल शासक नहीं होता; वह प्रजा का रक्षक, न्याय का पालक और लोकहित का संरक्षक होता है। राम ने अपनी व्यक्तिगत सुख-असुख से ऊपर उठकर प्रजा के हित को सर्वोपरि रखा। रामराज्य इसी कारण आदर्श शासन का प्रतीक बन गया, जहाँ शासक अपनी इच्छा नहीं, बल्कि धर्म और जनता की अपेक्षा को मानता है।

रावण कौन था? रावण सबसे बड़ी कमजोरी थी उसका अहंकार,वह अपनी शक्ति का उपयोग लोकहित के लिए नहीं, बल्कि स्वार्थ, अधिकार और इच्छा की पूर्ति के लिए किया। सीता का अपहरण उसकी शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि नैतिक पतन का प्रतीक था।इसीलिए दशहरे पर रावण का दहन केवल एक मिथकीय व्यक्ति के प्रति घृणा नहीं है। वह उन दोषों का दहन है जो मनुष्य और समाज को भीतर से नष्ट करते हैं—अहंकार, क्रोध, लोभ, वासना, अन्याय, झूठ और सत्ता का दुरुपयोग करते हैं।

विजयादशमी हमें बताती है कि रावण केवल लंका में नहीं रहता; वह अवसर पाकर हमारे अपने मन में भी बैठ जाता है। यह पर्व विविधता में एकता का संदेश देता है जिससे नई पीढ़ी को धर्म, कर्तव्य और नैतिक जीवन के पाठ सामने आते हैं। राम लीलाओं का लोक-मंचन इसी शिक्षा को स्मृति में लाने के लिए होता है। विजयादशमी आम जनता को कई स्थायी शिक्षाएँ देती है। सत्य की रक्षा करें, राम ने कठिन परिस्थितियों में भी सत्य और वचन का पालन किया। आज भी व्यक्ति और समाज की प्रगति तभी संभव है जब ईमानदारी को सुविधा से ऊपर रखा जाए,तथा कर्तव्य सर्वोपरि है,इसीलिए राम ने व्यक्तिगत सुख का त्याग कर कर्तव्य निभाया।शक्ति का सदुपयोग करें शक्ति अहंकार का कारण नहीं, लोककल्याण का साधन होनी चाहिए। रावण का पतन इसी बात का परिणाम था।

संयम और धैर्य रखे। राम ने अपमान, विरह और युद्ध की परिस्थितियों में भी आवेग पर नियंत्रण रखा। संयम ही नेतृत्व की पहचान है।

यह पर्व बताता है कि एकता में शक्ति है राम की विजय में लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, वानर-सेना और अनेक साधारण लोगों का योगदान था।

बड़ा उद्देश्य सामूहिक प्रयास से ही पूरा होता है। आइये इस विजय दशमी पर हमअपना आत्म-निरीक्षण करें,समाज के बाहरी रावण से अधिक भीतरी रावण—क्रोध, ईर्ष्या, लोभ और अहंकार—को जलाने का प्रयास करें। आज के शासकों को भी रामराज्य का आदर्श पाने के लिए केवल सम्भाषण नहीं बल्कि जनता के प्रति उत्तरदायी होना पड़ेगा।, न्याय पथ पर चलकर बिना भेदभाव के अपनी सत्ता का उपयोग लोकहित में करे। राम का चरित्र यह सिखाता है कि सत्ता की कसौटी उसका लोक कल्याण में उपयोग है, न कि वैभव का प्रदर्शन। विजयादशमी की आप सबको अनन्त शुभकामना।



प्रोफे आर एन त्रिपाठी
पूर्व सदस्य- उप्र लोकसेवा आयोग।
प्रोफेसर-समाजशास्त्र विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी

भारत की आत्मा का दर्शन है, विजयादशमी का पर्व

विजयादशमी केवल एक पर्व का नाम नहीं है, यह भारत की आत्मा का दर्शन है, यह उस शाश्वत सत्य की याद है जो हर युग में सिद्ध हुआ है कि चाहे अंधकार कितना भी गहरा हो, चाहे अन्याय कितना भी शक्तिशाली दिखे, अंतिम विजय हमेशा सत्य की ही होती है। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व दो महान विजयों का प्रतीक है, एक ओर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने लंका के अहंकारी राजा रावण पर विजय प्राप्त करके धर्म की पुनर्स्थापना की, दूसरी ओर आदि शक्ति माँ दुर्गा ने नौ दिनों तक चले भीषण संग्राम के पश्चात महिषासुर जैसे अत्याचारी का वध करके पृथ्वी को भय से मुक्त किया, इसीलिए इसे विजयादशमी कहा जाता है अर्थात (विजय का दिन), यह केवल पौराणिक कथा नहीं है, यह जीवन का जीवंत सिद्धांत है कि (सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं हो सकता), लेकिन यदि हम इसे केवल रावण के पुतले जलाने तक सीमित रखेंगे तो इसका वास्तविक अर्थ अधूरा रह जाएगा, इसे (विजय-ए-इंसानियत) के रूप में देखना होगा।

भारत को यदि सही अर्थों में समझना है तो विजयादशमी के मेले में जाना होगा, वहाँ आपको राम भी मिलेंगे और रहीम भी मिलेंगे, वहाँ रामलीला के मंचन को देखने के लिए हर धर्म, हर जाति के लोग एक साथ बैठे मिलेंगे, रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतले बनाने वाले कारीगरों में कई मुस्लिम भाई भी होते हैं जो महीनों तक दिन रात मेहनत करके उन पुतलों को तैयार करते हैं, कई शहरों में दशहरा के जुलूस में हिन्दू और मुस्लिम भाई कंधे से कंधा मिलाकर शामिल होते हैं, यही तो हमारी (गंगा-जमुनी तहज़ीब) है, यही हमारा भारत है जहाँ ईश्वर और अल्लाह एक ही रोशनी के दो नाम हैं, विजयादशमी का संदेश इसीलिए इतना महान है क्योंकि यह केवल एक धर्म का पर्व नहीं, यह सभी भारतवासियों का पर्व है, यह हमें सिखाता है कि (धर्म का अर्थ बाँटना नहीं, जोड़ना है)।

इस पर्व का ऐतिहासिक, सामाजिक और कृषि से जुड़ा महत्व भी अत्यंत गहरा है, किसानों के लिए यह फसल की कटाई और नए अन्न के स्वागत का समय होता है, पुराने समय में इस दिन शस्त्र पूजा की परम्परा थी, लेकिन (शस्त्र का अर्थ है हमारा कर्तव्य और हमारा श्रम), एक शिक्षक के लिए उसकी पुस्तक उसका शस्त्र है, एक किसान के लिए उसका हल उसका शस्त्र है, एक मज़दूर के लिए उसके औज़ार उसके शस्त्र हैं, एक लेखक के लिए उसकी कलम उसका शस्त्र है, इस दिन हम अपने औज़ारों की पूजा करके अपने श्रम का सम्मान करते हैं, यह परम्परा हमें सिखाती है कि भारत में (श्रम को ही पूजा माना गया है)।

विजय-ए-इंसानियत को समझने के लिए हमें दो महान युगपुरुषों के जीवन को एक साथ देखना होगा, एक हैं मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और दूसरे हैं पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब, दोनों का जन्म अलग-अलग समय और अलग-अलग धरती पर हुआ, लेकिन दोनों के उपदेशों में मानवता के लिए एक ही प्रकाश है, दोनों ने ही मानव समाज को अंधकार से निकालकर सत्य, प्रेम और न्याय के मार्ग पर चलना सिखाया, दोनों को ही सत्य के लिए अपने घर को छोड़ना पड़ा, श्री राम को चौदह वर्ष का वनवास मिला और पैगम्बर साहब को मक्का से मदीना हिजरत करनी पड़ी, (त्याग ही दोनों की सबसे बड़ी पहचान है)। पहला और सबसे बड़ा उपदेश है (सत्य के प्रति अटूट निष्ठा), श्री राम को सत्य का पर्याय माना जाता है, उन्होंने अपने पिता के वचन का मान रखने के लिए राजगद्दी का मोह त्याग दिया और कठिन वनवास स्वीकार कर लिया, उनका जीवन हमें सिखाता है कि सत्य के लिए कितना भी बड़ा त्याग क्यों न करना पड़े। ठीक इसी प्रकार हज़रत मोहम्मद साहब को उनके पैगम्बर बनने से बहुत पहले ही मक्का के लोग (अल-अमीन) अर्थात सबसे सच्चा और सबसे भरोसेमंद कहकर पुकारते थे, उनका पहला उपदेश यही था कि (झूठ को छोड़ो और सच को अपनाओ क्योंकि सच ही मनुष्य को अच्छाई की ओर ले जाता है), दोनों ने ही बताया कि बिना सत्य के कोई समाज टिक ही नहीं सकता, यही (विजय-ए-इंसानियत की पहली सीढ़ी है)। दूसरा समान उपदेश है (दया, क्षमा और करुणा), श्री राम का हृदय करुणा से भरा था, उन्होंने भीलनी शबरी के बेर प्रेम से खाए, निषादराज केवट को अपना मित्र बनाया, अपने शत्रु रावण के भाई विभीषण को भी क्षमा करके शरण दी। इसी प्रकार पैगम्बर मोहम्मद साहब का पूरा जीवन रहम और करुणा का अद्भुत उदाहरण है, पवित्र कुरान में उन्हें (रहमतुल-लिल-आलमीन) कहा है अर्थात समस्त संसार के लिए रहमत, तायफ की घाटी में जब लोगों ने उन पर पत्थर बरसाए तब भी उन्होंने उनके लिए दुआ की, उन्होंने हमेशा कहा कि (अनाथों पर दया करो, पड़ोसियों का ख्याल रखो, भूखों को खाना खिलाओ), दोनों ने सिखाया कि बदला लेना वीरता नहीं, क्षमा करना सबसे बड़ी वीरता है।

तीसरा महत्वपूर्ण उपदेश है (अहंकार का त्याग और विनम्रता), रावण ज्ञानी था लेकिन उसका अहंकार ही उसका काल बना, श्री राम ने सिखाया कि विद्या के साथ विनम्रता होनी चाहिए। हज़रत मोहम्मद साहब ने भी फरमाया कि (जिस दिल में राई के दाने के बराबर भी घमंड होगा वह जन्नत में नहीं जाएगा), उनका जीवन सादगी का सर्वोच्च उदाहरण था, वे अपने कपड़े खुद सीते थे और जमीन पर बैठकर गरीबों के साथ खाना खाते थे, दोनों ने बताया कि (इंसानियत की जीत तभी होगी जब घमंड हारेगा)। चौथा उपदेश है (मानव समानता और भाईचारा), श्री राम ने कभी जात-पात का भेद नहीं किया, उन्होंने सिद्ध किया कि (मनुष्य कर्म से बड़ा होता है, जन्म से नहीं)। पैगम्बर साहब ने भी अपने अंतिम खुतबे में कहा कि (किसी अरबी को गैर-अरबी पर और गोरे को काले पर कोई श्रेष्ठता नहीं, श्रेष्ठता केवल अच्छे कर्मों से है), उन्होंने हज़रत बिलाल हब्शी जो एक गुलाम थे, उन्हें सम्मान देकर पहली अज़ान देने का पद दिया, दोनों महापुरुषों ने दुनिया को बताया कि सभी इंसान एक ही मिट्टी से बने हैं और सबका मालिक एक है। पाँचवाँ उपदेश है (शांति और क्षमा), श्री राम ने युद्ध टालने की कोशिश की, हज़रत मोहम्मद साहब ने मक्का विजय पर अपने सभी दुश्मनों को माफ कर दिया और कहा (आज तुम पर कोई दोष नहीं, जाओ तुम मुक्त हो), यह इतिहास की सबसे बड़ी क्षमा थी, दोनों ने सिखाया कि असली विजय तलवार से नहीं, दिलों को जीतने से होती है, यही तो (विजय-ए-इंसानियत) है।

इसलिए आज विजयादशमी को केवल रावण जलाने का दिन न समझें, समझें कि (रावण आज भी हमारे अंदर जीवित है), हमारा झूठ, हमारा घमंड, हमारी नफरत, हमारा भेदभाव ही आज का रावण है, असली दशहरा तब मनेगा जब हम अपने अंदर के रावण को जलाएँगे, जब हम श्री राम के सत्य और पैगम्बर साहब की रहमत को जीवन में उतारेंगे, जब मंदिर की घंटी और मस्जिद की अज़ान एक साथ सुनाई देगी और दोनों एक ही संदेश देंगी कि इंसान बनो, अच्छा इंसान बनो। अंत में यही कहना है कि रावण का दहन एक परम्परा है लेकिन राम और पैगम्बर की शिक्षाओं को जीवन में उतारना एक साधना है, आइए इस विजयादशमी पर प्रण लें कि हम नफरत से नहीं मोहब्बत से जीतेंगे, यही यही सच्ची (विजय दशमी विजय-ए-इंसानियत) है, यही भारत की पहचान है।

लेखक
मोहम्मद शहनवाज़ फरीदी

चंदौली

एमएलसी चुनाव को लेकर चंदौली प्रशासन अलर्ट

22 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट से रवाना होंगी मतदान पार्टियां, मतपत्र और मतपेटियों से होगा मतदान

तरूणमित्र न्यूज

चंदौली। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आगामी 23 अक्टूबर को जनपद के 10 मतदान केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इस निर्वाचन में लगभग 30,211 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन तैयारियों को लेकर आईटीआई कॉलेज, रेवसा के सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक रतन वर्मा की अध्यक्षता में ब्रीफिंग आयोजित की गई। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के निर्देश पर सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था के लिए 5 जोन, 5 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक उपनिरीक्षक, चार मुख्य आरक्षी/आरक्षी,



चार महिला आरक्षी और एक सेक्शन पीएसी की तैनाती की जाएगी। केंद्र परिसर और 100 मीटर के दायरे में प्रचार, अनधिकृत वाहनों तथा अनावश्यक भीड़ पर रोक रहेगी।

सुरक्षा जांच के दौरान स्याही, फाउंटेन पेन, पानी की बोतल और अन्य तरल पदार्थ ले जाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। इस चुनाव में ईवीएम के बजाय मतपत्र और मतपेटियों का इस्तेमाल किया जाएगा। मतदान पार्टियां 22 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होंगी। मतदान समाप्त होने के बाद मतपेटियों को कलेक्ट्रेट स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा और फिर वाराणसी की मंडी समिति, पहड़िया भेजा जाएगा। प्रशासन ने सभी अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्ती

तरूणमित्र न्यूज

चन्दौली। नवरात्रि और दुर्गापूजा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए चन्दौली पुलिस ने व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया। 17 और 18 अक्टूबर को यातायात पुलिस तथा जनपदीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने प्रमुख चौराहों और मार्गों पर सघन जांच की। **1198 वाहनों का चालान** क्षेत्राधिकारी यातायात कृष्ण मुरारी शर्मा के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 1,198 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस ने कुल 20,16,500 का शमन शुल्क अधिरोपित किया।

इन उल्लंघनों पर हुई कार्रवाई अभियान में बिना हेलमेट वाहन चलाने, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने, शराब पीकर वाहन चलाने, मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने, दोषपूर्ण नंबर प्लेट रखने तथा नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। **चन्दौली पुलिस की अपील** पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील



की। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

दुबेपुर में हरिद्वार के वैद्यों ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

तरूणमित्र न्यूज

चकिया, चंदौली।। ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हरिद्वार की संस्था गगन आयुर्वेदिक औषधालय (पंजीकृत), लक्सर, हरिद्वार की ओर से रविवार को ग्राम दुबेपुर में नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हरिद्वार से आए वैद्य शिवकांत पांडे ने ग्रामीणों का नाड़ी परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया तथा नि:शुल्क आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां वितरित कीं। **आयुर्वेद के प्रति जागरूकता पर जोर** शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग पहुंचे। वैद्यों ने



लोगों को खान-पान, परहेज, नियमित दिनचर्या और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति और औषधीय जड़ी-बूटियों के उपयोग के बारे में भी बताया। वैद्य शिवकांत पांडे ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य परामर्श पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में आसपास के अन्य गांवों में भी ऐसे नि:शुल्क शिविर आयोजित किए जाएंगे। **नि:शुल्क सेवा से ग्रामीणों में खुशी** शिविर में नि:शुल्क परामर्श और जड़ी-बूटियां मिलने से ग्रामीणों में खुशी दिखाई दी। ग्रामीणों ने इस पहल को जरूरतमंदों के लिए लाभकारी बताया।

महाअष्टमी पर प्राचीन मां काली धाम में हुआ विशेष पूजन

डीडीयू नगर में देर रात तक उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मां के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर, चंदौली। मुगलसराय के सुभाष पार्क के पास स्थित प्राचीन मां काली मंदिर धाम में शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी पर रविवार को विशेष पूजा-पाठ, हवन एवं अर्चना का आयोजन किया गया। शाम 6:30 बजे से रात 10 बजे तक विद्वान पंडित अमित पुरोहित और अखिलेश तिवारी ने विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। इस दौरान नगर की सुख-शांति, समृद्धि और श्रद्धालुओं के कल्याण की कामना की गई। इसी बीच रविनगर निवासी नेहा मेकओवर मां दुर्गा का रूप धारण कर अपनी सहेलियों के साथ मंदिर पहुंचीं। उनका स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। भक्त उनके साथ सेल्फी लेते और वीडियो



बनाते नजर आए। इसके बाद महिला मंडल ने भजन-कीर्तन के माध्यम से मां का गुणगान किया। देर रात तक दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही और मंदिर परिसर मां काली के जयकारों तथा हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंजता रहा। पूजन एवं हवन में राजकुमार पहवा (बिल्लू बाबा), अजय चौहान, बबलू गुप्ता, संतोष सैनी, सचिन गुप्ता, राहुल सोनकर, रितेश सिंह, माता काली धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष जायसवाल (आशु) तथा मीडिया प्रभारी एवं सांस्कृतिक मंत्री, देवी पचरा गीत-भजन गायक अशोक सिद्धार्थ केसरवानी सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी और अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। सभी के सहयोग से धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ।

ध्रुव हेलीकॉप्टरों के साथ वाराणसी में होने वाला है एक बड़ा धमाल

तरूणमित्र न्यूज

डीडीयू नगर चंदौली। भारत सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भारतीय वायु सेना की 94वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में वाराणसी के ऐतिहासिक नमो घाट पर आयोजित होने वाले 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो में देश की सुप्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। यह भव्य हवाई प्रदर्शन आगामी 25 अक्टूबर 2026 को काशी के आसमान में देखने को मिलेगा। वर्ष 2003 में स्थापित और अपनी अनूठी कलाबाज़ियों के लिए दुनिया भर में मशहूर सारंग टीम इस शो में अपने पाँच स्वदेशी उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों %ध्रुव% के साथ उतरगी।



यह टीम अपने अचूक समन्वित फॉर्मेशन और सटीक उड़ान कौशल के माध्यम से भारतीय वायु सेना की उच्च स्तरीय उड़ान दक्षता, अनुशासन और व्यावसायिक उत्कृष्टता का परिचय देगी। सारंग टीम का यह प्रदर्शन भारत की स्वदेशी विमानन क्षमता का भी सशक्त प्रतिनिधित्व करता है। अपने आदर्श वाक्य उत्कृष्टता के माध्यम से प्रेरणा के तहत यह टीम देश-विदेश में भारतीय वायु सेना की शान बढ़ाती रही है। नमो घाट पर होने वाले इस महाआयोजन में वाराणसी के नागरिकों, विद्यार्थियों और युवाओं के बड़ी संख्या में शामिल होने की उम्मीद है। प्रशासन का मानना है कि इस एयर शो के माध्यम से न केवल दर्शकों को एक रोमांचक अनुभव मिलेगा, बल्कि नई पीढ़ी को देश की रक्षा सेवाओं और विमानन क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरणा भी मिलेगी। सारंग टीम की यह भागीदारी भारतीय वायु सेना और देशवासियों के बीच के रिश्तों को और अधिक मजबूत करेगी तथा भारतीय वायु सेना की 94वीं वर्षगाँठ के जश्न में राष्ट्रीय गौरव का एक नया अध्याय जोड़ेगी।

इनोवा-ऑटो की भीषण भिड़ंत में वृद्धा की मौत, दो गंभीर

तरूणमित्र न्यूज

चकिया ,चंदौली। चकिया-इलिया मार्ग पर बरहुआ गांव के समीप रविवार शाम को तेज रफ्तार इनोवा कार और सवारियों से भरे ऑटो की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार मुन्नी देवी की मौत हो गई, जबकि जामवंत और गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिर्जापुर जनपद के अहरौरा थाना क्षेत्र के मुजदीह गांव निवासी तीनों लोग ऑटो से बिहार स्थित हरसू ब्रह्म बाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बरहुआ मोड़ के पास सामने से आ रही सफेद रंग की इनोवा ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस की मदद से घायलों को संयुक्त जिला चिकित्सालय, चकिया पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने मुन्नी देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल जामवंत और गौरव को जिला अस्पताल रेफर किया गया। सैदपुर चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडेय के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वाहन नंबरों के आधार पर उनके मालिकों



की पहचान की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बरहुआ मोड़ पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। यहां स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड नहीं होने से हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराने की मांग की है। वृद्धा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

वायु सेना के एयर शो में पीए सिस्टम से नियंत्रित होगी भीड़, घाटों पर लगे दिशा-सूचक साइनेज़ बोर्ड

कार्यक्रम स्थल पर पोर्टेबल-मोबाइल टॉयलेट, डस्टबिन व चिकित्सीय सेवाएं रहेंगी मुस्तैद

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। भारतीय वायु सेना दिवस की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर काशी के नमो घाट पर आगामी 22, 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक एयर शो को लेकर नगर निगम प्रशासन पूरी सजगता के साथ तैयारियों में जुटा हुआ है। आयोजन के दौरान आने वाले लाखों नागरिकों, पर्यटकों और वीवीआईपी अतिथियों की सुविधा, सुरक्षा तथा भीड़ प्रबंधन को लेकर व्यापक और पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल स्वयं लगातार क्षेत्रों का दौरा कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

दर्शकों और पर्यटकों को घाटों पर आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नमो घाट से लेकर सामने घाट तक और घाटों को जोड़ने वाले प्रमुख संपर्क मार्गों व गलियों में विशेष दिशा-सूचक साइनेज (मार्गदर्शक बोर्ड) लगाए गए हैं। इन बोर्डों पर घाटों के नाम और तीरों (एरो) के माध्यम से



रास्ते प्रदर्शित किए गए हैं, जिससे बाहरी जनपदों से आने वाले लोग आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के दृष्टिगत गंगा के सभी प्रमुख घाटों को पब्लिक एड्रेस (पीए) सिस्टम से जोड़ा गया है। इसकी कमान वरिष्ठ अधिकारियों के पास रहेगी, जो माइक और हैंडहेल्ड सिस्टम के माध्यम से भीड़ की आवाजाही को नियंत्रित व निर्देशित करेंगे।

कार्यक्रम स्थल व आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जगह-जगह मोबाइल टॉयलेट, पोर्टेबल टॉयलेट और पर्याप्त संख्या में डस्टबिन स्थापित किए जा रहे हैं।

साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सीय सेवाओं की भी मुस्तैदी रहेगी। नगर आयुक्त ने सभी सफाई निरीक्षकों को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि वे अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर घाटों पर सुरक्षा और बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कर सकें।एयर शो के दौरान विमानों की सुरक्षा के मद्देनजर पशु कल्याण अधिकारी को पक्षियों की गतिविधियों पर नियंत्रण के निर्देश दिए गए हैं। बर्ड-हिट के खतरे को देखते हुए नमो घाट से 20 से 30 किलोमीटर की परिधि में 19 से 26 अक्टूबर तक मांस कटिंग व बिक्री की दुकानों को पूरी तरह बंद रखने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही पूरे शहर तथा घाटों के आसपास आवारा पशुओं के प्रवेश पर सख्त रोक लगाई गई है।

एकता दिवस के अवसर पर मोटर बाइक रैली का सीआरपीएफ 95 बटालियन द्वारा किया गया स्वागत

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। पुलिस लाइन वाराणसी में पूर्वोत्तर राज्य से आये मोटर बाइकर का राजेश्वर एस. बालापुरकर कमांडेंट-95 बटालियन द्वारा पुष्प गुच्छ देकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया तथा आगे के सफर के लिए हरी झंडी दिखाकर शुभकामना सहित रवाना किया।यह बाइक रैली नॉर्थ ईस्ट के आठ राज्यों के जांबाज पुलिसकर्मियों के 47 जांबाज चालकों से सुसज्जित यह दल बिहार के आरा, बक्सर और वाराणसी से होते हुए 31 अक्टूबर 2026 को केवड़िया गुजरात पहुंचेगी।

वाराणसी में आयोजित स्वागत समारोह के दौरान 95 बटालियन सीआरपीएफ कमांडेट द्वारा बताया कि इस अंतरराज्यीय बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल के सपनो के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करना है।

इसके साथ ही यह रैली युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए फाइट अगेंस्ट ड्रग्स (नशामुक्त समाज का निर्माण) का एक बेहद महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी जन-जन तक पहुंचा रही है। इस अवसर बटालियन कमांडेट राजेश्वर एस-बालापुरकर, राजेश कुमार (द्वितीय कमान अधिकारी), स्थानीय पुलिस के राज कुमार त्रिपाठी,



बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कमान्डेंट राजेश्वर आर बालापुरकर। द्वितीय कमान अधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य रहे मौजूद

पुलिस उपाधीक्षक, (ANTF) रमाकांत पांडे, निरीक्षक प्रतिसार, निरीक्षक - प्रिंस सिंह, विवेक चंद्र राय के साथ बड़ी संख्या में जवान उपस्थित रहे।

एनएसयूआई ने अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने एवं मामले में दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ गेट नंबर-2 से कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने शामिल होकर Justice for Ankita Bhandari की आवाज बुलंद की।इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय ने कहा कि अंकिता भंडारी को न्याय मिलना चाहिए व दुष्यंत गौतम को राजभवन से निष्कासित किया जाना चाहिए और पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए। न्याय की मांग उठाने वालों की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जिन लोगों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, उनके खिलाफ निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। किसी भी राजनीतिक प्रभाव या दबाव से ऊपर उठकर पीड़िता को न्याय दिलाना सरकार की जिम्मेदारी है।कैंडल मार्च के माध्यम से उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि अंकिता भंडारी को न्याय मिलने तक उनकी आवाज लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से उठाई जाती रहेगी। कार्यक्रम में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पाण्डेय,जिलाध्यक्ष शशांक शेखर,प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप पाल, जतीन पटेल,आदर्श सोनकर,हिमांशु पाण्डेय,रोशन यादव आदि लोग उपस्थित रहे ।

वरिष्ठ पत्रकार डॉ जिनेश कुमार की माता का हुआ निधन, दी गई श्रद्धांजलि

तरूणमित्र न्यूज



वाराणसी। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार डॉ जिनेश कुमार पटेल की माता शारदा देवी का 80 साल की उम्र में लंबी बीमारी के उपरांत सोमवार को एक निजी अस्पताल में देहांत हो गया। देर शाम मणिकर्णिका घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके मझले पुत्र नीतेश कुमार सिंह ने दी।गौरतलब है कि स्वर्गीय शारदा देवी कई गंभीर बीमारियों से विगत कई महीनो से जूझ रही थीं। सोमवार को उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा में शहर के तमाम विद्वत जन, समाजसेवी व शुभचिंतक शामिल रहे।

रेलवे स्टेशन पर कचरे के उचित निस्तारण व डस्टबिन के सही उपयोग के प्रति किया गया जागरूक

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। वाराणसी रेलवे जंक्शन के निदेशक अर्पित गुप्ता ने सोमवार को खबर जारी कर बताया कि रेलवे स्टेशन पर सफाई मित्रों से जन संवाद करते हुए उन्हें कचरे के उचित निस्तारण तथा चार रंगों के डस्टबिन (Color-Coded Dustbins) के सही उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें चार रंगों के डस्टबिन के उपयोग एवं कचरे के पृथक्करण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सफाई मित्रों को हरे, नीले, लाल एवं काले रंग के डस्टबिन में निर्धारित श्रेणी के कचरे को अलग-अलग डालने तथा कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए पॉलिथीन बैग के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। स्टेशन निदेशक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कचरे के स्रोत पर पृथक्करण को बढ़ावा देना, स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी सुनिश्चित करना तथा रेलवे परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाए रखना रहा।



वाराणसी जंक्शन पर कचरे के निस्तारण व डस्टबिन के रंगों के प्रति किया गया जागरूक

विधान परिषद खंड स्नातक एवं शिक्षक चुनाव को लेकर रविन्द्र जायसवाल ने किया जनसंपर्क



मंत्री रविन्द्र जायसवाल काशी एंक्लेव में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के बाबत जनसंपर्क करते हुए

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने सोमवार को वार्ड अकथा स्थित काशी एंक्लेव में विधान परिषद खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के संदर्भ में बैठक की। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से जनसंपर्क कर चुनाव से जुड़े विषयों पर संवाद किया। बैठक के दौरान मंत्री ने स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के महत्व पर चर्चा करते हुए मतदाताओं से संपर्क स्थापित किया।

उन्होंने क्षेत्र में लोगों से मुलाकात कर चुनाव के संबंध में बातचीत की तथा उनकी बातों को सुना। इस जनसंपर्क कार्यक्रम के माध्यम से वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को लेकर क्षेत्र में संपर्क अभियान चलाया गया।

हुकुलगंज में दशहरा पर 35 फिट के पुतले का दहन किया जाएगा


तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। दशहरा पर रावण के पुतलों का दहन के क्रम में हुकुलगंज रामलीला के प्रसिद्ध दशहरा मेला में इस वर्ष 35 फिट ऊँचा रावण के पुतले का दहन किया जाएगा समिति के अध्यक्ष एवं हुकुलगंज के पार्षद बृजेश चंद्र श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 20 अक्टूबर को साँय काल 6 बजे उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रविन्द्र जायसवाल की मौजूदगी में पुतला दहन एवं आतिशबाजी किया जाएगा ।

एयर शो के दौरान मोटिफ स्तंभ होंगे आकर्षण, डिवाइडर पर लगेंगे डमरू, त्रिशूल और ऊँ के झंडे

तरूणमित्र न्यूज

वाराणसी। प्रस्तावित एयर शो के मद्देनज़र काशी को आकर्षक रूप देने के लिए शहर का व्यापक सौंदर्यीकरण करा रही है। बाबतपुर एयरपोर्ट से नमो घाट तक प्रमुख मार्गों, भवनों, फ्लाईओवर, अंडरपास और दीवारों को सजाने-संवारने का काम तेजी से चल रहा है। कहीं दीवारों पर गंगा की लहरें और घाटों के दृश्य उकेरे जा रहे हैं, तो कहीं भवनों पर सुबहे बनारस की झलक दिखाई देने की तैयारी है। स्ट्रीट लाइट, पेड़ों और पुलों पर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि एयर शो के दौरान शहर पहुंचने वाले लोगों को काशी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं की झलक मिल सके।दीवारों पर गंगा की लहरों, घाटों और गंगा तट के दृश्यों को उकेरा जा रहा है। वहीं, भवनों पर गंगा घाटों और सुबहे बनारस से जुड़े दृश्य दिखाई देंगे। मार्गों पर गंगा आरती के दृश्य और काशी की कला-संस्कृति से जुड़े चित्र भी देखने को मिलेंगे। बाबतपुर एयरपोर्ट से अतुलानंद तक मोटिफ लाइटिंग स्थापित करने और बिजली के खंभों पर स्ट्रिप लाइट लगाने का काम किया जा रहा है। बाबतपुर से बाबतपुर फ्लाईओवर तक डिवाइडर पर पेंटिंग



कराई जा रही है। साथ ही नमो घाट ब्रिज तक पेड़ों और पुल पर फसाड लाइटिंग लगाने का काम भी चल रहा है। इन व्यवस्थाओं के पूरा होने के बाद एयरपोर्ट से नमो घाट तक का मार्ग रोशनी और रंगों से सजा नजर आएगा। इसका उद्देश्य एयर शो के दौरान शहर आने वाले लोगों को काशी की सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के साथ शहर की सुंदरता को और निखारना है।

नगर की घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जमा किया जा रहा पटाखों का जखीरा


तरूणमित्र न्यूज

मुंगराबादशाहपुर। दिवाली पर्व नजदीक आते ही पटाखों का कारोबार करने वाले कतिपय व्यवसायियों द्वारा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारों में घनी आबादी वाले बस्तियों में बने गोदामों में पटाखों का भंडारण किए जाने लगा है।जिस पर समय रहते प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई तो किसी भीषण हादसे की घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों की मानें तो मुंगराबादशाहपुर नगर के घनी आबादी वाले क्षेत्रों साहबगंज, गुडहाई, कटरा नई बाजार भगत सिंह आदि मोहल्लों के साथ ही ग्रामीण बाजारों गरियांव मधुपुर, सोहासा पुरऊपुर आदि बाजारों में कतिपय पटाखा व्यवसायियों द्वारा बनाए गए गोदामों में पटाखों का जखीरा जमा कर दिपावली त्योहार का भरपूर लाभ उठाने की व्यवस्था को मजबूत करने हेतु अमलीजामा पहनाया जा रहा है। घनी आबादी वाले इलाकों में बनाए गए पटाखे की गोदामों में थोड़ी सी चूक होने पर बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। बताते चलें कि मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गरियांव बाजार के निकट एक लाइसेंस पर लगभग एक दर्जन लोगों द्वारा किए जाने वाले पटाखे के कारोबारियों के एक व्यवसाई की थोड़ी सी चूक होने पर पटाखा गोदाम में जमा किए गए पटाखों के जखीरे में लगी आग के बाद पटाखों के भीषण धमाकों से गोदाम की जहां छत तक उड़ गई थी वहीं आसपास के लोग भी सहम गए थे । जिससे आस-पास के लोगों में अफरातफरी मच गई थी ।

सूत्रों की मानें तो उस समय मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस को जांच के दौरान यह जानकारी मिली थी कि मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गरियांव गांव में एक लाइसेंस पर लगभग एक दर्जन लोगों द्वारा पटाखों का कारोबार किया जा रहा था। सूत्रों की मानें तो दिपावली का पर्व नजदीक देख कतिपय व्यवसाइयों द्वारा पटाखों का भंडारण किया जा रहा है। जिसपर समय रहते पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई तो किसी अनहोनी घटना के घटित होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय प्रबुद्धजनों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर त्वरित कार्यवाही करने की मांग की है।

सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत परिवार में मातम

तरूणमित्र न्यूज



मछलीशहर। वाराणसी से रेस्टोरेंट के सजावट का सामान लेकर आ रहा ऑटो रिक्सा तेज रफ्तार डिजायर कार से टकरा गया । फूलपुर थाना क्षेत्र के बहुतारा पुल के पास हुई घटना में ऑटो चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। मछलीशहर कस्बे के मोहल्ला कोतवाली निवासी वारिस वाराणसी से रेस्टोरेंट के सजावट का सामान अपने ऑटो रिक्सा में लेकर बनारस से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान उक्त स्थान पर तेज रफ्तार डिजायर कार की सामने से टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो रिक्सा चालक वारिस की मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर थाने लौट गई।इसके बाद घटना की सूचना परिजनों को दी । परिजन रात में ही फूलपुर पहुंच गए। मृतक के भाई आबिद अली की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

ऐतिहासिक पल के लिए तैयार रहें जौनपुर

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। देवभूमि जौनपुर एक बार फिर से भक्ति के रंग में सराबोर होने के लिए पूरी तरह तैयार है। समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में आयोजित होने जा रही नवज्योति श्री राम कथा के पावन अवसर पर 20 अक्टूबर को एक ऐतिहासिक और भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन जौनपुर के इतिहास में एक गौरवशाली अध्याय जोड़ने जा रहा है!

इस भव्य यात्रा से जुड़ी मुख्य बातों में (कलश यात्रा)20 अक्टूबर समय सुबह 11:00 बजे से शुरुआत (Route): सद्भावना पुल (गोमती नदी घाट) से प्रारंभ होकर चहारसु चौराहा, ओलनगन्द चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा और वाजितपुर तिराहा होते हुए बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान तक पहुंचेगी। **विशेष आकर्षण**- इस यात्रा में लगभग 5000 महिलाएं सिर पर कलश लेकर सहभागिता निभाएंगी, साथ ही हजारों युवा साथी और श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

पुष्प वर्षा- इस यात्रा के दौरान सबसे बड़ा आकर्षण आसमान से हेलिकॉप्टर द्वारा जगह-जगह फूलों की वर्षा होगी, जो इस आयोजन को और भी अलौकिक बनाएगी। **श्री राम कथा का विवरण**- कलश यात्रा के समापन के बाद, बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में सजे भव्य पंडाल में 21 से 29 अक्टूबर तक कथा का आयोजन होगा। प्रसिद्ध कथा व्यास शांतनु जी महाराज के ओजस्वी मुखारविंद से भक्तगण राम कथा का रसपान कर सकेंगे। ज्ञानप्रकाश सिंह ने जनपद के सभी धर्मप्रेमी भाई-बहनों से अनुरोध किया है कि इस ऐतिहासिक कलश यात्रा और श्री राम कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य के भागीदार बनें।



नर्वदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थापित पूजा पंडाल में जय मां शेरावाली के जयकारे से गूंजा परिसर

तरूणमित्र न्यूज

बदलापुर। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर जहां नवदुर्गा के पूजन के लिए जगह जगह आदिशक्ति का पंडाल सजा हुआ है। इसी आस्था को संजोये मछली गांव नर्वदेश्वर महादेव मंदिर पर नर्वदेश्वर पूजा समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रधान कलेक्टर यादव के तत्वावधान में भव्य दुर्गा पंडाल सजाया गया।आस्था व श्रद्धा से सराबोर धार्मिक उत्साह के बीच रविवार शाम प्रधान कलेक्टर यादव ने आदि शक्ति की आरती पूजा वंदन कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि शांति खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान परिसर में उपस्थित समिति के सभी सदस्यों एवं स्थानीय लोगों के जयकारे से पूरा पंडाल गूंज उठा और ऐसे आयोजन को लेकर उत्साह व्यक्त किया।प्रधान ने बताया कि शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में इस तरह के धार्मिक आयोजनों के माध्यम से जहां आपसी सौहार्द व सामाजिक एकता का संदेश जाता है।वहीं लोगों में आपसी भाईचारे की भावना को मजबूती प्रदान होती है। कार्यक्रम में समिति के सदस्य जयप्रकाश बिंद, रमाकांत सिंह, कृष्ण भान सिंह, सुबाष मौर्य, जगदीश यादव, देवदत्त यादव, पुरोहित अच्छे लाल पाठक आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

पशु आरोग्य मेले में 515 पशुओं का हुआ पंजीकरण, नि:शुल्क दवा वितरित

तरूणमित्र न्यूज

खुटहन (जौनपुर)। शेखपुर अशरफपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के पशुपालकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान कुल 515 पशुओं का पंजीकरण कर उनका नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पशुपालकों को आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। शिविर का शुभारंभ गौपूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने पशुपालन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पशुओं की नियमित देखभाल, समय पर टीकाकरण और बीमारियों से बचाव के प्रति पशुपालकों को जागरूक किया। पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों को पशुधन बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, नंद बाबा दुग्ध मिशन, पशुओं में होने वाली संक्रामक बीमारियों, कृत्रिम गर्भाधान तथा संतुलित आहार सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सरकार की पशुपालन संबंधी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पशु चिकित्साधिकारी डॉ. चंद्रभान कुमार भारशिव, डॉ. अतुल कुमार गौतम सहित पशुपालन विभाग के कर्मचारी एवं क्षेत्र के पशुपालक मौजूद रहे। शिविर का उद्देश्य पशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और पशुपालकों को जागरूक करना रहा।

नवरात्रि में खूब महका फूलों का कारोबार, विक्रेता गदगद

तरूणमित्र न्यूज


मछलीशहर। स्थानीय तहसील क्षेत्र में पूरे नवरात्र फूलों का कारोबार खूब चला। सोमवार को रामनवमी के दिन पूजा अर्चना के लिए सुबह से खरीदार दुकानों पर आने लगे हैं देवी मंदिरों पर सुबह से हवन का सिलसिला जारी है। ग्रामीण इलाकों में कनैल और गुड़हल के फूल मिल जा रहें हैं ,लेकिन गेंदा,गुलाब के फूलों और माला के लिए लोग बाजार से ही खरीदारी कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने रविवार को अष्टमी का व्रत रखा था।इस वर्ष का नवरात्रि नौकरी पेशा लोगों के लिए भी सहूलियत भरा रहा। मछलीशहर कस्बे में फूल मालाओं की खरीदारी कर रही शिक्षिका प्रेमलता सिंह ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन रविवार को था जिससे कार्यालय और विद्यालय बंद रहे और अष्टमी के व्रत के दिन भी रविवार था जिससे व्रत पूजन बहुत सुन्दर ढंग से हुआ। महानवमी को भी योगी सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया जिससे हवन पूजन भी बड़े इत्मीनान से सम्पन्न हो रहा है। मछलीशहर कस्बे में फूल मालाओं का व्यापार करने वाले दर्शन माली और सत्यजीत माली ने बताया कि पूरे नवरात्र जैसी अपेक्षा थी उससे भी अच्छा व्यापार हुआ है।

शाहगंज यूनिट के अध्यक्ष नामित हुए इम्तियाज अहमद नदवी

तरूणमित्र न्यूज

शाहगंज (जौनपुर)। ऑल इंडिया पयाम-ए-इंसानियत की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को शाहगंज में मुफ्ती अबू हुरैरा नदवी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन के कार्यालय से आए मौलाना अरशद नदवी और मौलाना नजमुस्साकिब नदवी गाजीपुरी ने शिरकत की। बैठक के दौरान इम्तियाज अहमद नदवी को शाहगंज यूनिट का अध्यक्ष नामित किया गया।

वहीं मुफ्ती अबू हुरैरा नदवी, यासिर नदवी, मौलाना आसिफ नदवी और मुफ्ती अबूजर कासमी को यूनिट का सदस्य नामित किया गया। बैठक में ऑल इंडिया पयाम-ए-इंसानियत के उद्देश्यों और मौजूदा दौर में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि समाज में प्रेम, भाईचारा, आपसी सम्मान और सेवा-भाव को बढ़ावा देना आज के समय की महत्वपूर्ण जरूरत है। ऑल इंडिया पयाम-ए-इंसानियत की विचारधारा मौलाना अबुल हसन अली हसनी नदवी (अली मियां नदवी) के पैगाम-ए-इंसानियत से जुड़ी है। संगठन



का मूल उद्देश्य इंसानों के बीच प्रेम, सहानुभूति, शांति, सद्भाव और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। यह आंदोलन लोगों को धार्मिक, सामाजिक और अन्य मतभेदों से ऊपर उठकर एक-दूसरे के साथ सद्भावपूर्ण व्यवहार करने, जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में भलाई एवं मानवता का वातावरण पैदा करने के लिए प्रेरित करता है। बैठक में कहा गया कि मौजूदा दौर में जब समाज के विभिन्न वर्गों के बीच गलतफहमियां और दूरियां पैदा होने की आशंका बनी रहती है, ऐसे समय में मानवता, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश जन-जन तक पहुंचाना और भी जरूरी हो गया है।

नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाएं युवा: अशोक सोनकर

तरूणमित्र न्यूज

केराकत। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाकर उन्हें शिक्षा, खेलकूद और राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके परिवार और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। ऐसे में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से मेरा युवा भारत, जौनपुर की ओर से केराकत में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केराकत के पूर्व विधायक अशोक सोनकर उपस्थित रहे। उनके साथ शिक्षित युवा नेता दिलीप कुमार सोनकर, विधानसभा केराकत-372 सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को जागरूक करते हुए नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अशोक सोनकर ने युवाओं से शिक्षा, खेलकूद और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने युवाओं की ऊर्जा को समाज और देश के विकास में लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। यदि युवा नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें, तो वे न केवल अपना भविष्य संवार सकते हैं, बल्कि समाज को भी नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सकारात्मक सोच रखने और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि नशामुक्त युवा ही स्वस्थ परिवार, जागरूक समाज और मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकते हैं। इस अवसर पर शिक्षित युवा नेता दिलीप कुमार सोनकर, विधानसभा केराकत-372 ने नशामुक्ति जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए इस तरह की पहल बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूरी बनाकर अपने जीवन को बेहतर बनाने के साथ ही समाज को स्वस्थ, जागरूक और सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं में जागरूकता बढ़ाकर ही नशे के खिलाफ मजबूत सामाजिक वातावरण तैयार किया जा सकता है। इसके लिए युवाओं, अभिभावकों और समाज के जागरूक लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा, ताकि नई पीढ़ी नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ सके। कार्यक्रम के अंत में नशामुक्त समाज के निर्माण के संकल्प को दोहराते हुए युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य संदेश यही रहा कि युवाओं की जागरूकता, सहभागिता और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही नशामुक्त एवं सशक्त समाज की दिशा में सार्थक पहल की जा सकती है।

एसिड अटैक पीड़िताओं की सुध लेगी जौनपुर पुलिस

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति-6.0 अभियान के तहत सोमवार को जौनपुर में एसिड अटैक से पीड़ित महिलाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन एवं सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़िताओं की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए प्रभावी पहल करना रहा। कार्यक्रम में एसिड अटैक से पीड़ित महिलाओं को आमंत्रित कर उनके मामलों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही, घटना के बाद उनके सामने आ रही चुनौतियों और समस्याओं पर सीधा संवाद किया गया, ताकि उन्हें आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए जा सकें। इस पहल में पीड़िताओं को संबल, सुरक्षा और प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने से जुड़े विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के साथ संबंधित गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और सपोर्ट ग्रुप्स को भी आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को सहयोग प्रदान करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समन्वित प्रयास पर जोर दिया गया। जिला प्रशासन और जौनपुर पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा अधिकारों के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 3300779 व इंटर मिडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1939915 तथा बीए तृतीय वर्ष 2021 व 2022 अनुक्रमांक 20602141987 का अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

प्रार्थी-ललीता यादव
पुत्री दिनेश कुमार
ग्राम- पतैयां, पोस्ट- जंघई,
जिला- प्रयागराज

रामलीला के 15वें दिन अंगद-रावण संवाद का मंचन

तरूणमित्र न्यूज

जंघई। श्री रामजानकी मंदिर कुटी जंघई में चल रहे 94वें वर्ष की 18 दिवसीय रामलीला के 15वें दिन अंगद-रावण संवाद की लीला का मंचन सम्पन्न हुआ। अगद की धर्म एवं न्याय की शक्ति से जमे पैर को रावण इत्यादि राक्षस हिला न सके। इस मनमोहक दृश्य ने सभी श्रद्धालु दर्शकों का मन मोह लिया। अंगद के रूप में रितेश पाण्डेय और रावण के रूप में राजा तिवारी ने उत्तम मंचन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं इस अवसर पर मंदिर के महंत श्री चंद्रमा दास महाराज जी, अध्यक्ष आचार्य संदीप पाण्डेय, उपाध्यक्ष शैलेश पाठक, कोषाध्यक्ष संदीप तिवारी, संचालक अजय पाण्डेय, किशन पाठक, रत्नेश पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, सभाजीत पाण्डेय, सचिन पाठक, रिंकू मिश्रा, अनिल मिश्रा (संरक्षक) सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन में एमएलसी चुनाव को लेकर बैठकर करते डीएम-एसपी साथ में एडीएम व एएसपी

एमएलसी निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु डीएम ने की बैठक

जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस कार्मिकों की ब्रीफिंग की

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। विधान परिषद सदस्य निर्वाचन-2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत सोमवार को जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने पुलिस अधीक्षक सर्वेश मिश्र के साथ पुलिस लाइन में समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस कार्मिकों की ब्रीफिंग की।

ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों से सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को अवगत कराया। उन्होंने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके दायित्वों एवं कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि निर्वाचन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं तथा अपने-अपने क्षेत्र में सतर्कता के साथ दायित्वों का निर्वहन करें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस कार्मिकों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



अस्वस्थ महिला को अस्पताल भेजते सीटीआई आरपी यादव साथ में एसआई

लिच्छवी एक्सप्रेस में गर्भवती महिला की तबीयत बिगड़ी

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। 14005 डाउन लिच्छवी एक्सप्रेस में सोमवार को सफर के दौरान एक गर्भवती महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय जंक्शन पर रेलवे कर्मचारियों ने तत्काल महिला को एंबुलेंस से जिला महिला अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।

जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय सपना अपने पति के साथ बेल्थरारोड से यात्रा कर रही थीं कि ट्रेन में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने से परेशानी बढ़ गई। कंट्रोल से सूचना मिलते ही सीटीआई राम प्रभाव यादव ने तत्काल एंबुलेंस बुलवाई। इसके बाद उपनिरीक्षक विकास यादव और हेड कांस्टेबल कमलेश यादव के सहयोग से गर्भवती महिला को उपचार के लिए जिला महिला अस्पताल भेजवाया गया।

रेलवे कर्मचारियों की इस त्वरित पहल से महिला को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था हुई। यात्रा के दौरान जरूरतमंद यात्री की मदद के लिए दिखाई गई तत्परता सराहनीय रही।

मिशन शक्ति टीम द्वारा नवरात्रि में महिलाओं, बालिकाओं को किया गया जागरूक

तरुणमित्र न्यूज

जौनपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति के अंतर्गत श्री मान पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति की प्रभारी उपनिरीक्षक पुष्पा भारती के नेतृत्व में व्यापाक जागरूकता अभियान चलाया गया।

मिशन शक्ति की टीम ने नवरात्रि मेले में चौकियां धाम और शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में आये हुए महिलाओं बालिकाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा किसी भी तरह के उत्पीड़न या अपराध की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करने की अपील की। अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के साथ साथ टीम ने महिलाओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़खानी और बाल अपराध जैसी समस्याओं के प्रति सतर्क रहने की अपील की। पुलिसकर्मियों ने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर महिलाएं बिना घबराए पुलिस की सहायता ले सकती हैं। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित पम्पलेट बाटा।,बालिकाओं को गुडटच,और बैडटच के विषय मे बताते हुए शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनका आवश्यकता पड़ने पर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस टीम ने महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और एंबुलेंस सेवा 108 के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और सामूहिक विवाह योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी मुसीबत के समय मे निर्भीक होकर आप लोग अपनी शिकायत थाने पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क / मिशन शक्ति केंद्र पर दर्ज करा सकते है।

मिशन शक्ति टीम में उपनिरीक्षक पुष्पा भारती के साथ महिला कांस्टेबल आरती पांडेय,विमलेश, व हेड कॉन्स्टेबल शिवदान रहे।

रामपुर साईबर टीम ने गुम हुई मोबाइल आवेदक को सौंपा



गुम मोबाइल धारक को सौंपती रामपुर पुलिस

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर (मऊ)। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्र अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के निर्देशन मे सायबर फॉड की रोकथाम एवं जगरूकता के तहत अभियान चलाए जा रहा है। जिसके क्रम में क्षेत्राधिकारी मधुबन दिनेश दत्त मिश्रा, थाना प्रभारी सुनील कुमार सरोज के कुशल नेतृत्व में रामपुर साईबर टीम के उपनिरीक्षक प्रमोद मद्धेशिया, अनुराधा, कां. नीरज, नीलेश मिश्रा ने सोमवार को गुम हुए मोबाइल बरामद कर स्वामी को सौंपा गया। पीड़ित/आवेदक ने गुमशुदगी थाना रामपुर में दर्ज थी जिसके आधार पर भारत सरकार द्वारा जारी सीईआइआर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त ट्रेसबिलिटी के आधार पर बरामद कर मोबाइल बरामद किया गया जिसे भोला चौहान पुत्र सीता राम चौहान निवासी कुत्तूपुर धनेवा थाना रामपुर को सुपुर्द कर दिया। गायब हुई मोबाइल पाकर आवेदक ने पुलिस टीम के प्रति संतोष व्यक्त किया।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम प्रदीप कुमार था जिसे बदलकर मैंने प्रदीप कुमार गौतम कर लिया है। भविष्य में मुझे प्रदीप कुमार गौतम नाम से जाना पहचाना जाए।

प्रदीप कुमार गौतम पुत्र राजेन्द्र प्रसाद,

मुहल्ला-प्यारेपुरा, पोस्ट-मऊनाथ भंजन, जिला- मऊ 275101 (उ.प्र.)।

मतदेय स्थलों के संभाजन को लेकर प्रतिनिधियों के साथ डीएम ने की बैठक

दावे एवं आपत्तियां शीघ्र उपलब्ध करा दे राजनीतिक दल-आनंद वर्द्धन

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तथा मतदेय स्थलों के संभाजन एवं पुनर्गठन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।



कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक प्रतिनिधियों संग बैठक करते डीएम आनंद वर्द्धन

जिलाधिकारी ने बताया कि 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों के संभाजन एवं पुनर्गठन की कार्यवाही निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत पूर्ण की जाएगी। इसके लिए मतदेय स्थलों का संभाजन एवं पुनर्गठन 02 नवंबर, 2026 तक पूरा किया जाना निर्धारित है। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित सुझाव एवं आपत्तियां निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करें, ताकि पुनरीक्षण की प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एकीकृत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 12 नवंबर, 2026 को किया जाएगा। इसके उपरांत 12 नवंबर से 11 दिसंबर, 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर, 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी, 2027 को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में दो से तीन दिनों के भीतर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपने-अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित दावे, आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिला अधिकारी प्रवेंद्र कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सस्ते गल्ले के दुकानदार को दबंगों ने पिटा, जान से मारने की दी धमकी

चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के फतहपुर मण्डाव गांव में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर रविवार को खाद्यान वितरण के दौरान दबंग पिता व पुत्रों ने गाली गुप्ता देते हुए दुकान संचालक को लात घुसा से मारने के बाद जान से मारने की धमकी दिया। इस मामले मे पुलिस ने पीड़ित दुकान संचालक की तहरीर पर कुल चार लोगों के खिलाफ सम्बंधित धराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

दुकान संचालक फैयाज पुत्र स्व.नजिबुल्लाह का आरोप है कि 18 अक्टूबर की सुबह लगभग नौ बजे वह अपनी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर कार्ड धारको को खाद्यान वितरण कर रहा था। उसी दौरान गांव के जमाल अख्तर पुत्र स्व.अमरुद्दीन अपने तीन लडके उस्मान अख्तर, यासीर अख्तर, अब्दुल्लाह अख्तर पुत्रगण जमाल अख्तर के साथ आए और बीना किसी बात पर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब उसने विरोध किया तो लात घुसा से पिटाई शुरू कर दिया। उसने अपने बचाव में शोर मचाया तो जान से मारने की धमकी देते हुए मौके भाग गये।

इस मामले मे पुलिस ने पीड़ित दुकान संचालक की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज किया है। इस बाबत रामपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया की चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है आरोपियों की धड़पकड़ के साथ आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

खोया मोबाइल फोन पुलिस ने वापस कराया

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के द्वारा साइबर अपराध को रोकने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर नितेश प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में गुम/खोये हुए 39 हजार रुपये कीमती की मोबाइल फोन बरामद कर वापस कराया गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना मुहम्मदाबाद के कुशल नेतृत्व में एक मोबाइल फोन जो गुम हो गयी थी जिसे आवेदक सुरेंद्र यादव पुत्र शहादुर यादव निवासी भूसुआ थाना रानीपुर जनपद मऊ का गुम मोबाइल फोन जिसकी कीमत 39000 रुपये को साइबर क्राइम पुलिस टीम थाना मुहम्मदाबाद द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद कर उनके मालिक को तस्दीक कर सुपुर्द किया गया।

पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मधुबन दिनेशदत्त मिश्र के मार्गदर्शन में पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। थाना हलधरपुर पुलिस टीम द्वारा गत दिवस रविवार को रतनपुरा रेलवे क्रॉसिंग के पास से मु.अ.सं. 221/ 2026 धारा 74, 351(3), 61(2)बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट में वांछित एम अभियुक्त जुबैद खाँ पुत्र रेयाज मोहम्मद उम्र करीब 20 वर्ष निवासी- बेहटा गोसाई, थाना बेलसी, जनपद बदायूं को गिरफ्तार किया गया। जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उपरोक्त का चालान न्यायालय / किशोर न्यायालय किया गया।

विद्युत शाट सर्किट से बंद मकान में लगी आग

तरुणमित्र न्यूज

चिरैयाकोट (मऊ)। थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत मिर्जापुर में रविवार के देर रात विद्युत शाट सर्किट के चलते आवासीय बंद मकान मे आग लग गई। जिसके चलते मकान अंदर रखा समान फ्रीज, कुलर, पंखा, पलंग, बर्तन, बिस्तर, खाद्यान्न आदि सहित लगभग एक लाख का समान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को सूचना देकर बिजली बंद करवाया जिसके बाद प्रयास कर आग को बुझाया। इस मामले में सोमवार की शाम क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंच कर घटना की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्यवाही किया। ग्राम पंचायत मिर्जापुर निवासी राकेश पुत्र स्व. सतिराम रविवार के रात कमरे के दरवाजे मे ताला लगाकर दूसरे कमरे मे सोए थे। इस दौरान देर रात विद्युत शाट सर्किट के चलते बंद कमरे में आग लग गई।

पन्द्रह हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर (मऊ)। मधुबन पुलिस को सोमवार की सुबह एक अहम सफलता हाथ लगा, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय मधुबन के गेट के पास से एक दुष्कर्म करने वाले 15 हजार रुपया के इनामिया वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अपराध के रोकथाम के क्रम मे क्षेत्राधिकारी मधुबन के कुशल निर्देशन और थाना प्रभारी मधुबन के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक श्यामले यादव, हे.का. राजू, कां. शम्भु शुक्ला, दीपक यादव के साथ देखभाल क्षेत्र मे मौजूद थे। उसी दौरान सूचना मिला की मु.अ.स. 254/26 धारा 376(2)एन/ 328/ 504/ 506 व 3/4 पस्को एक्ट व 3(2)(अ) एस सी एस टी में वांछित 15 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त अजय साहनी पुत्र शिशुपाल साहनी निवासी लौआसाथ थाना मधुबन को गिरफ्तार कर थाना ले गई और विधिक कार्रवाई करने के उपरान्त चालान न्यायालय भेज दिया।



इनामिया अपराधी का चालान करती रामपुर पुलिस

रामलीला में ताड़का वध, अहिल्या उद्धार और जनकपुर प्रसंग का भावपूर्ण मंचन

समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया

तरुणमित्र न्यूज

चिरैयाकोट (मऊ)। स्थानीय नगर में चल रही ऐतिहासिक व पारंपरिक रामलीला के तीसरे दिन रविवार को दर्शकों ने भगवान श्रीराम के बाल्यकाल से जुड़े प्रमुख प्रसंगों का आनंद लिया। इस दौरान पाठशाला, ताड़का वध, विश्वामित्र यज्ञ रक्षा, अहिल्या उद्धार और जनकपुर प्रवेश तक की लीलाओं का अत्यंत सजीव व भावपूर्ण मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान श्रीराम की आरती के साथ हुई। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित राय और जिला पंचायत सदस्य पद के भावी प्रत्याशी अविनाश चौहान, रानीपुर के भावी ब्लॉक प्रमुख जयप्रताप यादव शामिल रहे।

समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का अंगवस्त्रम भेंट कर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर रामलीला के पूर्व संचालक हरिकेश चौरसिया को समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद मौर्य द्वारा प्रभु श्रीराम की प्रतिमा और अंगवस्त्रम भेंटकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आरती के पश्चात कलाकारों ने लीला का सजीव मंचन आरंभ किया। महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ में राक्षसों द्वारा व्यवधान उत्पन्न किए जाने पर, वे राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को मांगकर अपने साथ लाते हैं। मार्ग में ताड़का का वध भगवान श्रीराम के हाथों होता है। राजा जनक के निमंत्रण पर विश्वामित्र के साथ जनकपुर जा रहे श्रीराम को रास्ते में एक शिला दिखाई देती है। महर्षि के बताने पर ज्ञात होता है कि वह गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या हैंए जो श्राप के कारण इस दशा में थीं। प्रभु श्रीराम के चरणों की धूल यचरण रजद्ध पड़ते ही अहिल्या का उद्धार हो जाता है। इसके पश्चात राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ जनकपुर पहुंचते हैंए जहां गुरु की आज्ञा लेकर दोनों भाई नगर दर्शन के लिए निकलते हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन और निर्देशन समिति के महामंत्री अशोक कुमार 'अश्क' चिरैयाकोटी एएडवोकेट तथा संचालक मनोज दी ग्रेट ने संयुक्त रूप से किया।



अतिथि को सम्मानित करते समिति के लोग।

रामलीला में प्रेमचंद मौर्य, प्रमोद पाण्डेय, ओंकार पाण्डेय, भूपेन्द्र मौर्य, मदन पाण्डेय, राजकुमार मौर्य, राकेश मद्धेशिया, संदीप वर्मा, उमेश मद्धेशिया, राजीव जायसवाल, मोहित मद्धेशिया, महेन्द्र मौर्य, सत्यनारायण चौरसिया और अंशप्रताप सिंह सहित अन्य कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दुर्गा प्रतिमा खण्डित करने का आरोप

तरुणमित्र न्यूज

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में नवरात्रि के 7वें दिन को दुर्गा प्रतिमा खंडित किये जाने और प्रशासन द्वारा उसी रात पास की नहर में प्रतिमा का विसर्जन कराये जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में हड़कम्प मच गया और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी संजीत कुमार स्व. विजय राज के पुत्र ने अपने घर पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित की थी। आरोप है कि नवरात्रि के 7वें दिन देर रात गांव का कथित युवक तौर पर नशे की हालत में पंडाल में पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा।

बताया जाता है कि इस दौरान रवि के परिजन भी मौके पर पहुंचे और उसे समझाने का प्रयास किये। हालांकि आरोप है कि परिजनों के मना करने के बावजूद उसने दुर्गा प्रतिमा को खंडित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया।

इसके बाद ग्रामीणों ने डायल 112 पर सूचना दिया। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम और सरायख्वाजा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने स्थिति को शान्त कराया जिसके बाद प्रशासन द्वारा देर रात ही खंडित दुर्गा प्रतिमा का पास की नहर में विसर्जन करा दिया गया। रात में ही विसर्जन कराये जाने को लेकर भी मामले ने चर्चा का रूप ले लिया। संजीत कुमार के अनुसार घटना के बाद पुलिस रवि के परिजनों को थाने ले गयी।

मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के तहत दी गयी महत्वपूर्ण जानकारी

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा महिलाओं, बलिकाओं एवं छात्राओं में पंपलेट वितरित कर महत्वपूर्ण जानकारी के साथ जागरुक किया गया।

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों स्कूलों कालेजों एव गांवो में जाकर आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है, साथ ही पम्पलेट वितरित किया जा रहा है।

अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, महिला उत्पीड़न एवं लैंगिक अपराधों से बचाव, साइबर अपराधों के प्रति सतर्कता तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही, बालिकाओं को गुड टच-

असुरक्षा की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया

बैड टच की जानकारी, बाल अधिकारों तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों तथा पुलिस सहायता सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्हें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, छेड़छाड़ अथवा असुरक्षा की स्थिति में बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करने एवं अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सहायता 112, महिला हेल्पलाइन 181 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध सहायता, परामर्श एवं मार्गदर्शन के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया ।

जनपद मऊ पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति प्रतिबद्ध है। मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के माध्यम से महिला सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, महिलाओं में आत्मविश्वास विकसित करने तथा सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

पांच पीड़ितों का फॉड हुआ कुल धनराशि हुआ वापस

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारीगण के कुशल नेतृत्व में सोमवार को 05 पीड़ितों का फॉड हुआ कुल धनराशि वापस कराया गया।

थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा 05 पीड़ित/ आवेदकों यूपीआई के माध्यम से फ्राड की गयी कुल धनराशि 8660 वापस कराया गया। आवेदकों में आवेदक निबिल मंसूरी निवासी पुनापार, रामचेत यादव निवासी घोसी, अमन कुमार निवासी गोपालपुर, राहुल मौर्या निवासी भिखारीपुर व दीपक कुमार निवासी जमालपुर मिर्जापुर थाना घोसी शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा ओटीपी साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

एसपी ने पूजा पंडालों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। नवरात्रि पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा जनपद के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही साथ, आयोजकों से संवाद स्थापित कर पर्व के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

पुलिस द्वारा नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु निरंतर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। पुलिस अधीक्षक सर्वेश मिश्रा के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी घोसी के नेतृत्व में सोमवार को पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान नई बाजार अंडरपास के पास से मु.अ.सं. 238/2026 धारा 87/137(2) /65 बीएनएस व 5(स)/6 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित 30 वर्षीय अभियुक्त रविकान्त पुत्र रामप्रसाद, निवासी फरसरा खुर्द, थाना दोहरीघाट को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

10 मुकदमें में बरामद शराब कराया गया विनिष्टीकरण

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। आपरेशन क्लीन आभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में बरामद/ मुकदमाती मालों /अबैध शराब का विनिष्टीकरण कराया जा रहा। इसके तहत उपजिलाधिकारी सदर के आदेश के क्रम में सोमवार को शराब विनिष्टीकरण हेतु गठीत टीम नायब तहसीलदार रविन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी घोसी सत्येन्द्र भूषण तिवारी, थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह, उ.नि. राजनाथ व अन्य पुलिस बल की उपस्थिति में थाना कोपागंज में कुल 10 अभियोग से संबंधित अबैध देशी शराब 280 पाउच 200 एमएल कुल मात्रा- 56 लीटर गिराकर विनिष्टीकरण कराया गया।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ

तरुणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक **आदर्श कुमार*** द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर की चपेट में आने से 13 वर्षीय बालक की मौत

ट्रैक्टर से नीचे गिरा साकिब, मौके पर तोड़ा दम

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुडहर गांव में सोमवार सुबह करीब 10 बजे खेत की जुताई के दौरान दर्दनाक हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। गांव के ही ट्रैक्टर पर बैठकर खेत की जुताई कराने जा रहा बालक अचानक नीचे गिर गया और पीछे लगे रोटावेटर की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक की पहचान मुडहर गांव निवासी साकिब उर्फ प्रधान पुत्र अमर उर्फ अमीर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह साकिब गांव के ही ट्रैक्टर चालक के साथ खेत की जुताई के लिए गया था। इसी दौरान वह अचानक ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और रोटावेटर की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



फाइल फोटो

घटना की सूचना मिलते ही गंभीरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने ट्रैक्टर बदले जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने ग्रामीणों और परिजनों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में पुलिस की ओर से जांच की जा रही है।

परिजनों के मुताबिक, साकिब चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था। उसकी तीन बहनें भी हैं, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर बताई जा रही है। मृतक के पिता दिव्यांग हैं और उसका एक भाई भी दिव्यांग है। ग्रामीणों के अनुसार, साकिब परिवार के खर्च में सहयोग करता था।

बेटे की मौत के बाद मां आशिया समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव के लोग पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे। महज 13 वर्ष की उम्र में साकिब की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में मातम पसरा हुआ है और हर कोई शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने में जुटा है। थाना अध्यक्ष गंभीरपुर अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ट्रैक्टर के रोटावेटर में गिरने से बालक की मौत हुई है शव पीएम के लिए गया है आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है।

युवती को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोपी गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। महराजगंज थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मुहम्मद हलीम उर्फ समीर (28) पुत्र महबूब अली, निवासी सिसवनिया (भरवलिया), थाना कोतवाली महराजगंज, जनपद महराजगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे 18 अक्टूबर को सेंहदा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, महराजगंज थाना क्षेत्र की निवासी एक युवती ने 16 अक्टूबर को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मुहम्मद हलीम उर्फ समीर ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 249/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 69, 351(3) और 352 में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के एकमात्र उम्मीदवार बने अरविंद सिंह पटेल

तरूणमित्र न्यूज

गाज़ीपुर। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से कांग्रेस पार्टी समर्पित उम्मीदवार अरविंद सिंह पटेल के पक्ष में अपनी टीम के साथ छावनी लाइन मिरना पुर चौकिया सोहिलापुर हरिहरपुर महराजगंज हंसराजपुर आदि गांवों में स्नातक मतदाताओं से संपर्क करके वोट देने की अपील की गई

स्नातक मतदाताओं से अपील करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं मोहम्मदाबाद विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉ जनक कुशवाहा ने कहा कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से संघर्ष इमानदार कर्मठ उम्मीदवार के रूप में अरविंद कुमार



पटेल मजबूत है और स्नातक नौजवानों के लिए संघर्ष के लिए कटिबंध रहेंगे अरविंद पटेल का संघर्षों का इतिहास रहा है इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पढ़े अरविंद सिंह पटेल के अंदर नौजवानों के सपनों का एक जज्बा है जिसे सदन में पहुंचकर पूरा करने का प्रयास करेंगे इस कार्यक्रम से लाल साहब यादव राजीव कुमार सिंह देवेंद्र सिंह आशुतोष श्रीवास्तव आदि लोगों ने अरविंद कुमार सिंह पटेल के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

जसदेवपुर मोड़ पर फायरिंग के मामले में तीन आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

तरूणमित्र न्यूज

भांवरकोल (गाजीपुर)। थाना क्षेत्र के जसदेवपुर मोड़ के समीप गत 13 अक्टूबर को हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने फरार कुल तीन आरोपियों के खिलाफ 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। ज्ञात हो कि इस घटना में सुखडेहरा गांव निवासी सी आई एस एफ के जवान राघवेश यादव एवं उसी परिवार के पंकज यादव को लक्ष्य कर गोली मारी गई थी।इस मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ बीएन एस की धारा 109 (1) 352 के तहत हत्या के प्रयास का मुकदमा पंजीकृत है। बहरहाल दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। इस मामले में सुखडेहरा निवासी दो सगे भाईयों सहित एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस की ओर से जारी सूची के अनुसार तीनों आरोपियों सवेश राय उफ बिट्टू एवं आषुतोष राय बिट्टू सुखडेहरा गांव के रहने वाले हैं। जबकि तीसरा आरोपी उपेंद्र राय इसी थाना क्षेत्र के गोंड़ी खास गांव का रहने वाला है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांन्डेय ने ने बताया कि जांच के दौरान उपेंद्र राय का नाम प्रकाश में आया है। उन्होंने बताया कि वह भी घटना में शामिल था। घटना के बाद से आरोपियों के सम्भावित ठिकानों पर पुलिस भले ही लगातार दविश दे रही है। बहरहाल घटना के एक सप्ताह बाद भी तीनों आरोपी पुलिस की पहुंच से काफी दूर है।

रितिका दुबे शिक्षकों की अधिकारों की लड़ाई के लिए कटिबंध लाल साहब सिंह यादव

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से कर्मठ एवं सुशील महिला उम्मीदवार रितिका दुबे के पक्ष में लाल साहब ने अपने टीम के साथ रूहीपुर नसीरपुर फरीदपुर जखनिया हंसराजपुर सहित विभिन्न गांव का दौरा कर उनके पक्ष में शिक्षक मतदाताओं से वोट देने की अपील की शिक्षकों से बातचीत करते हुए लाल साहब सिंह यादव ने कहा कि रितिक दुबे शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई के लिए कटिबंध है यह सुशील संघर्ष कर्मठ चरित्रवान महिलाएं है यह माध्यमिक बितविहीन शिक्षक महासभा के उपाध्यक्ष भी हैं और शिक्षकों के लिए इनका संघर्षों का इतिहास रहा है अत: शिक्षकों ने उनके पक्ष में वोट देने के लिए कटिबद्ध होकर इनका समर्थन कर रहे हैं

शिक्षक नेता और मोहम्मदाबाद विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कहा कि रितिका दुबे शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई लड़कर उन्हें सम्मान देने का काम अनवरत रूप से करती आई है सदन में पहुंचने पर शिक्षकों की आवाज गर्जना के साथ गूँजेगी

टीम में मुख्य रूप से डॉ जनक कुशवाहा राजीव सिंह कामेश्वर प्रसाद उदय प्रताप सिंह शैलेश मिश्रा मु आरिफ शाहित तमाम शिक्षक नेता उपस्थित रहे।

रावण दहन कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लंका मैदान का किया निरीक्षण

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कल दशहरा के अवसर पर होने वाले लंका दहन कार्यक्रम के दृष्टिगत लंका मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारीगण ने लंका मैदान में रावण दहन के दौरान संभावित भीड़ के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रावण दहन कार्यक्रम के दौरान आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम के दौरान



किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपील किया कि दशहरा पर्व एवं रावण दहन के अवसर पर मेले में शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ सहभागिता करें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने सभी से त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से मनाने की अपील की।

समस्त मतदेय स्थलों की सूची हुई तैयार

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजीपुर ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन/सम्भाजन के पश्चात जनपद गाजीपुर में अवथित समस्त 07 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची तैयार की गई है, जिसका आलेख्य प्रकाशन आज दिनांक 19.10.2026 को कर दिया गया है। यह आलेख्य प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूचियां जिला निर्वाचन कार्यालय एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (उप जिलाधिकारी) के कार्यालय में स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्रों (वी0आर0सी0) पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी। आलेख्य प्रकाशन के दिनांक 19.10.2026 से दिनांक 25.10.2026 तक (7 दिन तक) प्रकाशित रहेंगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस सूची पर कोई आपत्ति/सुझाव देना चाहे तो वे जिला निर्वाचन कार्यालय/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (उप जिलाधिकारी) कार्यालय में दे सकते हैं। उक्त अवधि में प्राप्त आपत्ति /सुझावों का निस्तारण आयोग द्वारा निर्धारित मानक के अंतर्गत जांचोपरान्त किया जायेगा। तदोपरान्त स्वीकृत हुए आपत्ति / सुझाव को मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची में सम्मिलित करते हुए उस पर राजनैतिक दलों से विचार विमर्श के पश्चात मतदेय स्थलों के सूचियों को अन्तिम रूप दिया जायेगा।

परंपरागत तरीके से कराया गया कन्यापूजन

तरूणमित्र न्यूज

लालगंज, मीरजापुर। नवयुवक दुर्गा पूजा समिति लहंगपुर के तत्वावधान में पिछले कई वर्षों से आयोजित किए जा रहे दुर्गा पूजन एवं कन्या पूजन, प्रसाद की परंपरा इस वर्ष भी जारी रही। सोमवार दोपहर बाद लहंगपुर बाजार में स्थित मां दुर्गा के पंडाल में भव्य कन्या पूजन एवं प्रसाद का आयोजन किया गया। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1001 से अधिक कन्याओं को प्रसाद के बाद स्टील प्लेट, कलम काफी वितरित किया गया। यह कार्यक्रम हवन के बाद चालू किया गया। समारोह में 1 से 10 वर्ष तक की कन्याओं का पूजन एवं भव्य भंडारे में प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों के अनुसार पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1001 से अधिक कन्याओं का पूजन एवं भंडारे में प्रसाद वितरण की तैयारी है। मां दुर्गा के प्रिय भोग हलुआ के साथ पूड़ी, कद्दू और आलू टमाटर की सब्जी का विशेष प्रसाद परोसा गया। इस अवसर पर आलोक कुमार दुबे, बाबा पाल प्रधान प्रतिनिधि, राजन जायसवाल, समरनाथ पूर्व प्रधान, अंकित जायसवाल, पवन जायसवाल, संजय जायसवाल, प्रदीप यादव, धीरेंद्र जायसवाल, प्रमोद मौर्य, विजय गुप्ता, विजय जायसवाल, वीरेंद्र जायसवाल, पंकज जायसवाल, अशोक कश्यप, राजेंद्र जायसवाल, आकाश मिश्रा, महेश शर्मा, कृष्णकांत सिंह, राजेश जायसवाल, गौरव जयसवाल, शिवम जायसवाल, मनोहर विश्वकर्मा आदि लोग प्रसाद वितरण में सहयोग करते देखे गए।

थाना कप्तानगंज की मुठभेड़, दो अभियुक्त घायल/गिरफ्तार

चोरी समेत 6 घटनाओं का पुलिस ने किया अनावरण

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। थाना कप्तानगंज पुलिस की मुठभेड़ में दो अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी घायल/गिरफ्तार किए गए। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के दौरान अभियुक्तों ने टीम पर जानलेवा फायरिंग की थी। मौके से अवैध तमंचे, कारतूस, नकद तथा चोरी में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा सहित अन्य सामान बरामद हुआ है।

पुलिस प्रेस नोट के मुताबिक दोनों अभियुक्तों के बाएं पैर में गोली लगी बताई गई है। बरामदगी में सोने-चांदी के आभूषण, लगभग 6 लाख रुपये कीमत के, 7,500 रुपये नकद, मोबाइल और एलसीडी टीवी शामिल हैं। साथ ही चोरी



की वारदातों में इस्तेमाल ऑटो रिक्शा भी पुलिस ने कब्जे में लिया है।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर जनपदों में चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। कुल मिलाकर तीन थानों से जुड़ी चोरी की 6 घटनाओं का सफल अनावरण किया गया।

पिछले घटनाक्रम के अनुसार 7 अक्टूबर 2026 को वादी प्रदीप मोदनवाल ने सूचना दी थी कि अज्ञात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर घर से 73,000 रुपये नकद और आभूषण चोरी कर लिए। इस मामले में थाना कप्तानगंज पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

मानसून की विदाई देख आलू की बुआई में जुटे किसान

तरूणमित्र न्यूज

मछलीशहर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में इस समय किसान आलू की बुआई में जुट गये हैं। आसमान में बादलों के न होने के चलते किसान मानसून की विदाई पूरी मान कर चल रहे हैं और निश्चित होकर आलू की बुआई कर रहे हैं। मछलीशहर और मुंगराबादशाहपुर कस्बों के साथ साथ बंधवा बाजार, मीरगंज, सुजानगंज, पवांरा, जंघई, गरियांव, बरईपार, सरायबीका, तिलौरा, गोधना, जमुहर बाजारों में व्यापारियों ने बुआई के लिए आलू के बोरों की ऊंची-ऊंची छल्लियां लगा दी हैं।शाम को बड़ी संख्या में किसान खरीदारी के लिए आ रहें हैं। कुछ किसान आलू की अगेती किस्मों की बुआई कर रहे हैं जिससे आलू खोदकर उसी खेत में गेहूं बो दिया जाये। वैसे किसानों को उन्नतशील बीजों को बोने के लिए एक हजार प्रति क्विंटल की दर से किसानों को अनुदान की भी व्यवस्था है।

श्री माधव स्वीट्स प्रतिष्ठान का हुआ उद्घाटन

तरूणमित्र न्यूज

आज़मगढ़। नगर में शुद्धता, परंपरा और बेहतरीन स्वाद के नए पर्याय के रूप में माधव स्वीट्स का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। पुरानी आरटीओ रोड, घोरठ स्थित इस नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्षा डॉ. माला द्विवेदी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भागवत तिवारी, शशांक तिवारी सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों और शहरवासियों की भारी भीड़ मौजूद रही, जिन्होंने इस नई शुरुआत का जोरदार स्वागत किया। ?कार्यक्रम के दौरान प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर पुष्पेंद्र नाथ और उपेन्द्र नाथ दुबे ने समारोह में पधारे सभी आगंतुकों व अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठान के खुलने से अब आज़मगढ़ के लोगों को शुद्ध देशी घी से निर्मित स्वादिष्ट और उच्च गुणवत्ता वाली मिठाइयों के लिए शहर से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यहाँ बेहतरीन क्वालिटी और लाजवाब स्वाद का



अनूठा संगम देखने को मिलेगा। प्रोपराइटर पुष्पेंद्र ने बताया कि हमारे पास शुद्ध देसी घी की मिठाइयों की विशाल श्रृंखला है। कुशल कारीगरों द्वारा मांगलिक कार्यक्रमों के लिए विशेष रूप से तैयार की जाने वाली मिठाइयों की संपूर्ण रेंज।

बर्थडे पार्टी व अन्य खास अवसरों के लिए ताज़ा केक, पेस्ट्री और चॉकलेट की बेहतरीन वैरायटी है। हमारे यहां प्रीमियम माधव पापड़ी और काजू की मिठाइयों की विशेष रेंज, जो स्वाद में बेजोड़ है। संचालकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे सपरिवार पधारें और श्री माधव स्वीट्स की शुद्धता व मिठास का आनंद उठाएँ। इस नए प्रतिष्ठान के खुलने से मिष्ठान प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

जे एन सी यू में चलाया गया स्वच्छता अभियान

तरूणमित्र न्यूज

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेन्द्र कुमार शुक्ल के संरक्षण में नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के अंतर्गत रविवार को समाजशास्त्र विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर , समाजशास्त्र विभाग एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई। इस सफाई अभियान के अंतर्गत परिसर के रास्तों पर झाड़ू लगाना, प्लास्टिक मुक्त परिसर को सुनिश्चित करना, पौधों एवं क्यारियों इत्यादि की सफाई एवं देखभाल इत्यादि सम्मलित रहा।सफाई अभियान के दौरान नशा नशा मुक्त युवा, नशामुक्त समाज एवं विकसित भारत के नारे लगाये द्य कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ प्रियंका सिंह के संयोजन में संपन्न हुआ, कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ विवेक कुमार यादव, डॉ अभिषेक त्रिपाठी , डॉ स्मिता एवं विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

बाल विवाह एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

तरूणमित्र न्यूज

बलिया। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने हेतु जनपद बलिया में संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत रविवार को ब्लॉक गड़वार में जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अमरेन्द्र कुमार पौत्सयायन एवं नवभारती नारी विकास समिति, बहेरी के तत्वावधान में बाल विवाह की रोकथाम एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बलिया पुलिस एवं महिला कल्याण विभाग, बलिया की टीम ने सहभागिता करते हुए आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया तथा इस सामाजिक कुरीति की रोकथाम में जनसहभागिता की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह निषेध, बालिकाओं की शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों तथा सामाजिक कुरीतियों के



उन्मूलन पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित लोगों को बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने तथा बाल विवाह की जानकारी संबंधित अधिकारियों को देने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर सीडब्ल्यूसी सदस्य श्री अजहर, महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी उपनिरीक्षक सुश्री वीनेश, थाना एएचटी के थानाध्यक्ष श्री रतनलाल पाठक एवं उनकी टीम, थाना गड़वार के अधिकारी एवं कर्मचारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया से राजीव शास्त्री एवं श्री विमलेश कुमार, हब फॉर एम्पावरमेंट से श्रीमती पूनम, महिला कल्याण विभाग, बलिया से जिला मिशन समन्वयक (छस्ष्ट) सुश्री अंजलि सिंह, वन स्टॉप सेंटर से मनोज प्रजापति एमटीएस,दीवानी न्यायालय बलिया के अधिवक्ता श्री संजय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बलिया पुलिस, महिला कल्याण विभाग, बलिया एवं नवभारती नारी विकास समिति बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

महाअष्टमी पर भव्य झांकी एवं जागरण का आयोजन, भक्तिमय हुआ माहौल

तरूणमित्र न्यूज

जौनपुर। महाअष्टमी के पावन अवसर पर अरुण झांकी एवं जागरण ग्रुप, खलसहांङ्कशीतला चौकियां की ओर से भव्य झांकी एवं जागरण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान माँ दुर्गा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आकर्षक झांकियों एवं धार्मिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का सौजन्य श्रीमती आरती श्रीवास्तव, धर्मपत्नी नवीन कुमार श्रीवास्तव (एडवोकेट), एवं राजेश कुमार जायसवाल की ओर से रहा। आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह उर्फ डब्लू, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री तुषार यादव (गोलू) तथा व्यवस्थापक मनोज पाण्डेय एवं दिनेश कुमार के साथ मोनू राय, संजय यादव, रानू यादव, शशांक राय और सुरेंद्र सिंह उर्फ सोनू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। समिति के सदस्यों के आपसी सहयोग एवं समर्पण से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं, श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

दो लाख नगद के साथ 9 जुआरीयो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

बलिया। थाना नगरा पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नगरा पुलिस टीम के उ0नि0 अरविन्द कुमार यादव मय फोर्स के क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर खास द्वारा आकर सूचना दी गई कि ग्राम मलप (मंगवा) मुर्गी फार्म के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। यदि शीघ्रता की जाए तो मौके पर पकड़े जा सकते हैं। इस सूचना पर तत्काल नगरा पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर जुआ खेल रहे कुल 09 व्यक्तियों को मौके पर ही चारो तरफ से घेरकर पकड़ लिया गया । मौके पर पुलिस टीम द्वारा 03 अदद तास की गड्डी व



माल फड़ 1,63,500/- रुपये एवं सभी की जामा तलाशी में 55,500/- रुपये मौके से कुल 2,19,000/- रुपये नकद बरामद किया गया ।

अभियुक्तगण को उनके द्वारा किए गए अपराध से अवगत कराते हुए रविवार को समय करीब सात बजे नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के संबंध में थाना नगरा पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **13.11.2026** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	**01082026 दिनांक 19–10–2026**
2	निविदा संख्या	**07-Sr-DEN-C-LKO-2026-27**
3	**कार्य का नामः सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अधीन AIT स्टेशन बैलास्ट डिपो में आर० डी० एस० ओ०/लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गयी स्पेसीफिकेशन संख्या आई एस/आर० डी० एस० ओ०/जी इ/0001: फरवरी 2023 तथा चीफ इंजीनियर के सर्कुलर संख्या 257 एवमं समय–समय पर जारी करेक्शन स्लिप के अनुसार बैलास्ट डिपो में (30000 Cum) 65 एम एम साइज मशीन द्वारा तोंडी गयी कठोर गिटटी की आपूर्ति, चटटा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना**	
4	अनुमानित लागत	**Rs. 27509400.00**
5	धरोहर राशि	**Rs. 550200.00**
6	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ	**30.10.2026**
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	**13.11.2026 15:00 बजे**
9	बेबसाईट	**www.ireps.gov.in**

नोट :– 1. निविदाकर्ता निविदा डालते समय गिट्टी की (इम्पैक्ट वेल्यू जो कि IS: 2386 Pt-IV-1963 पर आधारित हो, अब्रेशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt.-III-1963 पर तथा वाटर एब्जोरपशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt. III 1963 पर आधारित हो) की जाँच रिर्पोट जो कि रेलवे प्रयोगशाला/राजकीय प्रयोगशाला/राजकीय स्वामित्व वाले इंजीनियरिंग कालेज/राजकीय पालीटेक्निक/आई०आई०टी० तथा एन०आई०टी० की हो तथा निविदा नोटिस की तिथि से निविदा बंद होने की तिथि बीच की हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेंगी। 2. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **3642/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आवश्यक सूचना/ निर्वाचन कार्यक्रम

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा रिट याचिका संख्या 4630/2006 में पारित आदेश (दिनांक 25-04- 2007) के अनुपालन में ब्रजेश इंटर कॉलेज, गुलालपुर, जौनपुर की प्रबंध समिति के चुनाव हेतु मातृ संस्था ब्रजेश विद्यालय शिक्षा समिति गुलालपुर पोटरिया, जौनपुर के साधारण एवं आजीवन (53) सदस्यों की अंतिम सूची दिनांक 15.10.2026 को विद्यालय के सूचना पट्ट पर अवलोकनार्थ चस्पा कर दी गई है।

अत: माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मान्य इसी अंतिम सूची एवं संशोधित प्रशासन योजना के अंतर्गत विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबंधक, उप-प्रबंधक, कोषाध्यक्ष तथा 07 अन्य सदस्यों) का निर्वाचन संपन्न होना है। अंतिम सूची में सम्मिलित सभी सम्मानित सदस्यों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि वे इस निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

निर्वाचन कार्यक्रम का विवरण निम्नवत है-

1. निर्वाचन स्थल: ब्रजेश इंटर कॉलेज, गुलालपुर, जौनपुर
2. नामांकन की तिथि एवं समय: दिनांक 22.10.2026 (गुरुवार), सायं 4:00 बजे से 5:00 बजे तक
3. नामांकन पत्रों की जाँच: दिनांक 22.10.2026 (गुरुवार), सायं 5:00 बजे से 5:30 बजे तक
4. नामांकन वापसी: दिनांक 22.10.2026 (गुरुवार), सायं 5:30 बजे से 6:00 बजे तक
5. मतदान एवं मतगणना (चुनाव की स्थिति में): दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार), सायं 4:00 बजे से 5:00 बजे तक

नोट- चुनाव पर्यवेक्षक एवं चुनाव अधिकारी के देखरेख में संपन्न होगा।

सतीश चन्द्र यादव
प्रबन्धक/ आजीवन सदस्य
ब्रजेश विद्यालय शिक्षा समिति गुलालपुर पोटरिया, जौनपुर

'12000 फीट की ऊंचाई पर खुला दरवाजा'

बांग्लादेश में भारतीय एयर एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग, मरीज की मौत

ढाका, 19 अक्टूबर। अगरतला से कोलकाता जा रही एक भारतीय एयर एम्बुलेंस में हवा में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद विमान को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में सवार 56 वर्षीय महिला मरीज को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। विमान में सवार अन्य सभी 6 लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं।



यह घटना रविवार को बीचक्राफ्ट किंग एयर सी90ए विमान के साथ हुई। जब विमान 12000 फीट की ऊंचाई पर था, तभी तकनीकी खराबी के कारण उसका दरवाजा हवा में ही आंशिक रूप से खुल गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पायलट ने ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी।

विमान में सवार थे कुल 7 लोग: विमान दोपहर करीब 1:40 बजे ढाका हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। इस एयर एम्बुलेंस में दो पायलट, एक डॉक्टर, एक पैरामेडिक, मरीज और उनके दो तीमारदार समेत कुल सात लोग सवार थे। लैंडिंग के तुरंत बाद गंभीर रूप से बीमार मरीज अंजना भौमिक को कुर्मितोला स्पेशलाइज्ड अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम 4:40 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत तकनीकी खराबी से उपजी स्थिति के कारण हुई या उनकी गंभीर बीमारी की वजह से, इसकी जांच की जा रही है।

बांग्लादेश ने दी लैंडिंग की अनुमति: बांग्लादेशी अधिकारियों ने अंतरराष्ट्रीय लैंडिंग की पूर्व अनुमति न होने के बावजूद मानवीय आधार पर तुरंत विमान को उतरने की मंजूरी दी और हरसंभव मदद पहुंचाई। घटना के बाद ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने जरूरी राजनयिक औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए बांग्लादेशी अधिकारियों के साथ बात किया। यह एयर एम्बुलेंस भारत की एसकेबी इन्फ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जाती है।

ट्रेन में स्पीकर पर फोन चलाया तो सीधे जेल, लग सकता है भारी जुर्माना

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर। ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर मोबाइल फोन को स्पीकर पर गाने सुनने या वीडियो देखने वाले यात्रियों पर अब रेलवे सख्त कार्रवाई करने जा रहा है।

दक्षिण रेलवे ने चेतावनी दी है कि इस तरह से अन्य यात्रियों को परेशान करने वालों पर 1000 का जुर्माना लगाया जाएगा और उन्हें ट्रेन या स्टेशन से बाहर भी निकाला जा सकता है। नियम बार-बार तोड़ने पर 5000 तक का जुर्माना और 6 महीने तक की जेल भी हो सकती है।

सस्ते इंटरनेट और स्मार्टफोन के बढ़ते इस्तेमाल के बाद से ट्रेनों में स्पीकर पर रील, वीडियो या गाने चलाना एक आम समस्या बन चुका है। इससे आसपास बैठे अन्य यात्रियों के सफर में काफी खलल पड़ता है। यात्रियों की इसी परेशानी को

रेलवे कानून के तहत तय की गई सजा

दूर करने के लिए दक्षिण रेलवे ने अपने सभी मंडलों को कड़े निर्देश जारी किए हैं।

जन विश्वास अधिनियम के तहत संशोधित रेलवे एक्ट के अनुसार, ट्रेन या रेलवे परिसर में स्पीकर पर गाने बजाने, तेज आवाज में बात करने या सार्वजनिक उपद्रव करने पर 1000 का जुर्माना और ट्रेन या स्टेशन से बाहर निकाला जा सकता है। रेलवे अधिकारी के निर्देश के बाद भी नियम तोड़ने पर 5000 तक का जुर्माना या 6



महीने तक की कैद या दोनों हो सकती है।

मेट्रो और अन्य रेलवे जोन में भी लागू हो सकता है नियम: अधिकारियों के अनुसार, यह नियम देश के अन्य रेलवे जोनों और मेट्रो रेल नेटवर्क में भी लागू किया जा सकता है। मेट्रो के मौजूदा नियमों में भी सह-यात्रियों को परेशानी में डालने वालों पर जुर्माना लगाने और कोच से बाहर निकालने का प्रावधान है।

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि ट्रेन में टिकट चेकिंग स्टाफ (टीटीई) और वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर ही रु.1,000 का जुर्माना लगाने का अधिकार दिया गया है।

कार्रवाई के साथ-साथ रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों को जागरूक करने के लिए घोषणाएं की जाएंगी। यह अभियान हिंदी, अंग्रेजी और स्थानीय भाषाओं के पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए चलाया जाएगा, ताकि लोग ईयरफोन या हेडफोन का इस्तेमाल करें और फोन पर भी जोर-जोर से बात करने से बचें।

'हम तुम्हारे पूरे परिवार को खत्म कर देंगे'

अनिल पंडित ने दी सलमान खान को धमकी

मुंबई, 19 अक्टूबर। अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी लेने वाले अनिल पंडित का एक ऑडियो वायरल हुआ है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने खुद यह ऑडियो शेयर किया है। इस ऑडियो में अनिल पंडित ने बॉलीवुड



सुपरस्टार सलमान खान को धमकी दी है और उनसे जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और बिश्नोई समाज से माफी मांगने की मांग की है। अनिल पंडित ने कहा, 'सलमान खान मेरी बात ध्यान से सुनो। अगर तुमने मेरे बड़े भाई लॉरेंस बिश्नोई या बिश्नोई समाज से माफी नहीं मांगी, तो हम तुम्हारे घर में एक कुत्ता भी नहीं छोड़ेंगे। हम तुम्हारे पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। यह बात दिमाग में बिठा लो। यह मत सोचना कि तुम सुरक्षा में हो तो तुम्हारा कुछ नहीं होगा।'

यह ऑडियो टाइगर श्रॉफ पर हुए हमले के बाद सामने आया है। रविवार शाम लगभग 7 बजे मुंबई के जुहू इलाके (पुष्पा नरसी पार्क/जमनाबाई नर्सरी के पास) में मोटरसाइकिल सवार तीन हमलावरों ने टाइगर श्रॉफ की बीएमडब्ल्यू कार पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। वारदात के दौरान दो लोगों ने गोलियां चलाईं, एक के निशाने पर टाइगर श्रॉफ थे और दूसरा उनके ड्राइवर पर गोलियां चला रहा था। जबकि तीसरा साथी बाइक पर उनका इंतजार कर रहा था।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग काण्ड

हमला करने वाले रेहान के पिता ने कहा- दोषी है तो मिले सख्त सजा

सोनीपत, 19 अक्टूबर। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की गाड़ी पर फायरिंग के मामले में सोनीपत की ईदगाह कॉलोनी के रहने वाले रेहान की गिरफ्तारी के बाद उसके परिवार से जुड़ी जानकारियां सामने आई हैं। आरोपी के पिता रिहसुद्दीन ने कहा कि उन्हें बेटे की इस वारदात के बारे में जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि यदि बेटा दोषी है तो कानून के अनुसार, उसे सख्त सजा मिलनी चाहिए।

जानकारी के मुताबिक, मुंबई में टाइगर श्रॉफ की गाड़ी पर फायरिंग की वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस ने उसे जयपुर हाईवे से गिरफ्तार किया। रेहान के पिता रिहसुद्दीन के मुताबिक, पिछले करीब 12 से 13 साल से उनका रेहान की मां के साथ संपर्क नहीं है। रेहान और उसका छोटा भाई अपनी मां के साथ रहते थे। रिहसुद्दीन ने बताया कि करीब चार से पांच महीने पहले उन्हें रेहान के खिलाफ आर्म्स एक्ट से जुड़े एक मामले की जानकारी मिली थी। उनके अनुसार, गोहाना में भी उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था और बाद में उसे जमानत मिल गई थी। पिता ने बताया कि उस समय रेहान की मां उसे छुड़वाकर अपने साथ ले गई थीं।

वेल्डिंग का काम करता है रेहान: पिता ने बताया कि जमानत पर बाहर आने के बाद रेहान घर से गुरुग्राम जाकर वेल्डिंग का काम सीखने की बात कहकर निकला था। जब उन्होंने उससे काम के बारे में पूछा तो उसने वेल्डिंग सीखने की बात बताई इसके बाद वह घर से चला गया। पिता का कहना है कि उन्हें अंदाजा नहीं था कि बेटे का नाम इस तरह के गंभीर मामले में सामने आएगा।

वाराणसी के नमो घाट पर राफेल ने एयर शो का किया रिहर्सल

वाराणसी, 19 अक्टूबर। शहर में नमो घाट पर होने वाले एयर शो में शामिल होने वाले राफेल ने सोमवार सुबह में रिहर्सल किया। आसपास के इलाकों के लोग घर की छतों, मैदान और रोड पर खड़े होकर आसमान में निगाहें टिका कर राफेल की गरज और तेजी को देखकर हैरान हो गए। राफेल कभी नीचे की ओर तेजी से आता कभी ऊपर की ओर भगता। कई बार कलाबाजियां मारते हुए ऊपर की ओर तेजी से भाग जाता। गरज इतनी तेज है कि लोग अपने कान में उंगली डालकर खड़े हो रहे हैं। निगाह झपकते ही राफेल आसमान में ओझल हो जा रहा है।

दुष्यंत गौतम ने ली सिक्किम के राज्यपाल पद की शपथ

गंगटोक, 19 अक्टूबर। लोक भवन में दुष्यंत कुमार गौतम ने सोमवार को सिक्किम के राज्यपाल के रूप में पद



की शपथ ली। इस महीने की शुरुआत में, 13 अक्टूबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के विभिन्न राज्यों के लिए चार नए राज्यपालों की नियुक्ति की। राष्ट्रपति भवन के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दुष्यंत कुमार गौतम को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किया गया; इसके साथ ही सुधा यादव को कर्नाटक का राज्यपाल, ढाल सिंह बिसेन को उत्तराखंड का राज्यपाल और ब्रज मोहन राम को ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया।

दुष्यंत गौतम, जो पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष रह चुके हैं, दिल्ली नगर निगम में पार्षद और राज्यसभा सदस्य के पदों पर भी काम कर चुके हैं। ये नियुक्तियां छह राज्यों में किए गए व्यापक फेरबदल का हिस्सा हैं, जिसके तहत सिक्किम और केरल के राज्यपालों को क्रमशः केरल और तमिलनाडु स्थानांतरित किया गया है। कर्नाटक की नई राज्यपाल सुधा यादव, हरियाणा के महेंद्रगढ़ से पूर्व लोकसभा सदस्य और भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य हैं।

उन्होंने IIT रुड़की से रसायन विज्ञान में रूफ और PhD की डिग्री हासिल की है। वह 2019 से 2022 तक राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (National Commission for Backward Classes) की सदस्य भी रही हैं। उत्तराखंड के राज्यपाल नियुक्त किए गए ढाल सिंह बिसेन, मध्य प्रदेश के बालाघाट से पूर्व लोकसभा सांसद हैं। वह मध्य प्रदेश सरकार में विधायक और कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं, जहाँ उन्होंने स्कूली शिक्षा, वन, परिवहन और खनन जैसे विभागों को संभाला है। इसके अलावा, उन्होंने मध्य प्रदेश के चौथे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है। धोबी समुदाय से आने वाले दलित नेता ब्रज मोहन राम को ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह झारखंड के पूर्व सांसद हैं, जिन्होंने 1996, 1998 और 1999 के चुनावों के बाद लगातार तीन बार लोकसभा में पलामू का प्रतिनिधित्व किया था। साथ ही, वह अविभाजित बिहार में विधायक भी रह चुके हैं।

जालौन में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली बेकाबू होकर पलटी, 19 लोग घायल

जालौन, 19 अक्टूबर। कोंच तहसील क्षेत्र के कैलिया खुर्द से नवरात्र पर जवारा विसर्जन करने अक्षरा देवी मंदिर जा रही 30 श्रद्धालुओं की भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सोमवार सुबह करीब दस बजे खैराई-कनासी के बीच कच्चे मार्ग पर ऊंचा-नीचा होने से पलट गई। वाहन में अधिकांश बच्चे व महिलाएं थीं। कोंच कोतवाली पुलिस व ग्रामीणों की मदद से घायलों को कोंच सीएचसी लाया गया। हादसे में 19 लोग घायल हो गए। घायलों में छह को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। चिकित्सक के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं। सरकार की सख्ती के बाद भी ट्रैक्टरों से सवारी लाने ले जाने का क्रम बंद नहीं हो रहा है। इसमें पुलिस और परिवहन विभाग की लापरवाही भी दिख रही है।

अशोक हॉस्पिटल
आरोग्यम् धनसंपदा | आपका स्वास्थ्य, हमारा उद्देश्य
ASHOK HOSPITAL
उपलब्ध विभाग: यूरोलॉजी विभाग, नेफ्रोलॉजी विभाग, सर्जरी विभाग, नान इनवेसिव हृदय रोग विभाग, मेडिसिन विभाग, कैंसर रोग विभाग, हड्डी एवं नस रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, नाक, कान, गला रोग विभाग, नवजात शिशु बाल रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं: इमरजेंसी, आई.सी.यू., एन.आई.सी.यू., एच.डी.यू., कीमोथेरेपी, डायलिसिस, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, फार्मेसी 24/7, एम्बुलेंस 24/7
प्रमुख शल्य क्रिया एवं निदान: गर्भाशय निकालने का ऑपरेशन (हिस्टेरेक्टॉमी), सीजेरियन डिलीवरी (सी-सेक्शन), ओवरी सिस्ट सर्जरी, अपेंडिक्स की सर्जरी, हार्निया की सर्जरी, आंतों की सर्जरी, ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा सर्जरी, बच्चों की हड्डी संबंधी सर्जरी, हड्डी टूटने का ऑपरेशन (फ्रैक्चर सर्जरी), किडनी स्टोन सर्जरी, पेशाब की नली की सर्जरी, मूत्राशय ट्यूमर सर्जरी, कान के पर्दे का आपरेशन, टॉन्सिल का ऑपरेशन (टॉन्सिलेक्टॉमी), सुनने की क्षमता सुधार सर्जरी, मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड का इलाज
अस्पताल में सेवाएं देने वाले डाक्टरों का नाम
डॉ. वी. के. दुबे (फिजीशियन), डॉ. आशीष सिंघानिया (आर्थो), डॉ. भव्या (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. अवनीश बिंद (एमडी मेडिसिन), डॉ. हिमांशु (यूरोलॉजिस्ट), डॉ. ओ.पी. सिंह, डॉ. अरूण (सर्जन), डॉ. श्वेता (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. शोएब (पीडियाट्रिक्स), डॉ. ए. पी. यादव (ई.एन.टी.), डॉ. आर. के. सिंह (आर्थो), डॉ. तान्या (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. एस. के. पाण्डेय (एमडी मेडिसिन)
फरीदपुर (शंकरगंज), महरूपुर, जौनपुर (उ.प्र.) - 222180
Mob.: 7565955001, 7565955002

अब नये पते पर...
बलुआघाट, रिवर व्यू होटल के सामने, नारायण नर्सिंग होम के पास, जौनपुर
चन्द्रा ई.एन.टी. क्लीनिक
हियरिंग एण्ड स्पीच सेन्टर
निम्न लक्षणों के लिए सम्पर्क करें
नाक बन्द होना, चक्कर आना, मुँह में छाले पड़ना एवं दर्द होना, कान बहना टान्सिल की शिकायत, लगातार छींक आना, कान में सिटी बजना, घेगा (थायराइड) की तकलीफ, लार ग्रन्थि का सूजन होना (पैराटिक)
सुविधाएं
नाक, कान, गला, मुख रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा।, कान के सुनने की जाँच (Audiometry) एवं, कान की मशीन (Hearing-aid) स्पीच थैरेपी, एलर्जी की जाँच उपलब्ध
डा० राजेश कुमार
M.B.B.S., MS (E.N.T.), (M.L.N.M.C.-Allahabad)
नाक, कान, गला एवं मुख रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
भूतपूर्व वरिष्ठ ई.एन.टी सर्जन जिला चिकित्सालय (सदर), जौनपुर
CMO Office Reg. No. JNP/AL/2017-18/462
9161691924
7068156705
TIME - 10 a.m. to 6 p.m.

रेडियन्ट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा० लि०
24/7 EMERGENCY SERVICES
हमारे अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक
डा० अशुतोष झा — MBBS, MS, FMAS, Advanced Laparoscopic Surgeon
डा० मो० चाँद बागवान — MBBS, MD, PDCC, Critical Care Medicine
डा० अभिषेक मिश्रा — MBBS, MD, Pulmonary & Sleep Medicine
डा० मुकेश शर्मा — MBBS, MS, Joint Replacement & Spine Surgeon
डा० यसीरा अली — MBBS, MS, Obs & Gynae
डा० हर्ष सिंह — MBBS, MD, Paediatrician & Neonatologist
डा० प्रदीप सिंह — MBBS, MS, DrNB, Uro Surgeon
डा० हिमांशू सिंह — MBBS, MS, MCH, Uro Surgeon
डा० नेहा झा — MBBS, MD, Radiologist
डा० अभिषेक मिश्रा — MBBS, MS, MCH, Uro Surgeon
डा० पवन चौबे — MBBS, MD, DM, Gastro-Medicine
डा० एच अन्सारी — MBBS, MD, Dermatologist
डा० वी.के. वर्मा — MBBS, MD, Psychiatrist
Facilities: Advanced Laparoscopic Surgery, ICU & Critical Care, Chest, TB & Sleep Medicine, Accidental & Trauma Surgery, Normal & Assisted Delivery, Cesarean Delivery, NICU & PICU, Joint Replacement & Spine Surgery, All Surgical Facilitles.
मछलीशहर पड़ाव, ईदगाह, जौनपुर | Telephone 05452-326046, 9196021998

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
[अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र]
डा. शैली निगम — M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae), प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ, हेल्पलाइन नं. 7800785686, भूतपूर्व सर्जन: गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • करतूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम — M.B.B.S.,M.S. (Ortho.), हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, ट्रामा, आर्थराडटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, भूतपूर्व सर्जन: • डा. एल.एच. हीरानंदानी हॉस्पिटल, मुंबई • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन — जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन (प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें: गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड, सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था, आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टम), इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन, कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण, कॉल्पोस्कोपी, हिस्ट्रोस्कोपी, लैप्रोस्कोपी
सुविधायें: आर्थो, प्लास्टर, ज्वाइंट एन्जेक्शन, ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
निःसंतान महिलाएं अवश्य मिलें

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग
की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

निःसन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर
सेवा का अवसर दें
निवेदक
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

दिव्यांशी डेन्टल हास्पिटल
लाला बाजार, सिकरारा रोड, जौनपुर
डेन्टल क्राउन, डेन्टल इम्प्लांट, RCT ट्रीटमेंट, टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज, टूटे जबड़े का इलाज
उचित उपचार हेतु "Divyanshi Dental Hospital" के अनुभवी डेंटिस्ट से ही परामर्श लें।
डा. दिनेश कन्नौजिया
9721771686 B.D.S., D. Pharma (डेन्टल सर्जन)

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
मेसर्स- परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
ए.सी. शोरूम
त्योहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं
देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वैलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने, चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का अवसर दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
नोटः- हमारी कोई अन्य शाखा नहीं है।
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांस बैंकर
मो.: 09838435680